दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 28
कोटद्वार बुधवार
17 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## डॉक्युमेंट सेल्फ अटेस्ट, ग्रुप सी, डी में इंटरव्यू खत्मः पीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'रोजगार मेला' के तहत सरकारी विभागों में चयनित 71,000 कर्मियों को नियुक्ति-पत्र बांटे। इस दौरान पीएम ने अपना संभोधन भी दिया। मोदी ने बीते नौ सालों के कार्यकाल के दौरान रोजगार के क्षेत्र में किए गए काम के बारे में भी बताया।

मोदी ने कहा, 'बीते नौ वर्षों में भारत सरकार ने सरकारी भर्ती प्रक्रिया को ज्यादा तेज करने, ज्यादा पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने को भी प्राथमिकता दी है। आज आवेदन करने से लेकर नतीजे आने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो गई है। आज डॉक्युमेंट्स को सेल्फ अटेस्ट



करना भी पर्याप्त होता है। ग्रुप सी और ग्रुप डी के पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू भी खत्म हो गए हैं। इन सारे प्रयासों से भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद खत्म हुआ है।'

मोदी ने कहा कि नौ साल पहले आज के ही दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आए थे। तब पूरा देश उत्साह, उमंग और विश्वास से झूम उठा था। सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ कदम बढ़ाने वाला भारत, आज विकसित भारत बनने के लिए प्रयास कर रहा है। इन नौ वर्षों के दौरान रोजगार की नई संभावनाओं को केंद्र में रखकर सरकार की नीतियां तैयार की गई हैं।

बीते नौ वर्षों में भारत सरकार ने मूलभूत सुविधाओं के लिए पूंजीगत व्यय पर करीब-करीब 34 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस साल के बजट में भी पूंजीगत व्यय के लिए 10 लाख करोड़ रुपए तय किए गए हैं।

पीएम ने ये भी कहा कि बीते नौ वर्षों में गरीबों के लिए जो चार करोड़ पक्के घर बनाए गए हैं, उन्होंने भी रोजगार के अनेक नए अवसर बनाए हैं। गांव-गांव में खुले पांच लाख कॉमन सर्विस सेंटर आज रोजगार का बड़ा माध्यम बने हैं। युवाओं को विलेज लेवल का उद्यमी बना रहे हैं।

मोदी ने कहा कि बीते नौ वर्षों में काम की प्रवृत्ति भी बहुत तेजी से बदली है। बदलती हुई इन परिस्थितियों में युवाओं के लिए नए सेक्टर्स उभर कर आए हैं। केंद्र सरकार इन नए सेक्टर्स को भी निरंतर सपोर्ट कर रही है। इन नौ वर्षों में देश ने स्टार्ट अप कल्चर की नई क्रांति देखी है।

पीएलआई स्कीम के तहत केंद्र सरकार मैन्युफैक्चरिंग के लिए करीब 2 लाख करोड़ रुपये की मदद दे रही है। ये राशि भारत को दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के साथ ही लाखों युवाओं को रोजगार में भी सहायता करेगी।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुई

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। विल्लुपुरम जिले के मरक्कनम में 12 लोगों की मौत हुई, जबकि चेंगलपट्टू जिले में 6 लोगों ने दम तोड़ा। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की सीबी-सीआईडी जांच कराने की घोषणा की। विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में स्थानीय पुलिस के कई अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की, जबकि नकली शराब पीने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए लोगों के लिए 50,000 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। शुरूआती जांच के अनुसार, यह पाया गया कि विल्लुपुरम जिले के मरक्कनम में घटना तब हुई जब कुछ लोगों ने स्थानीय शराब का सेवन किया। हालांकि, चेंगलपट्टू जिले में मौत का कारण बनने वाली शराब में मेथनॉल मिला कर इसे पतला किया गया था।

अन्नाद्रमुक महासचिव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) मंगलवार को क्षेत्र का दौरा करेंगे। ईपीएस ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि शराब कांड राज्य में कानून व्यवस्था की विफलता का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के 10 साल के कार्यकाल में जहरीली शराब के सेवन से किसी की मौत नहीं हुई।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अन्नाद्रमुक शासन के दौरान राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति के कुशल संचालन के कारण था। ईपीएस, जो तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता भी हैं, ने कहा कि पिछले विधानसभा सत्र के दौरान, उन्होंने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में नकली शराब की उपलब्धता के बारे में सरकार को बताया था।

## अब केजरी वाल के हाथ पावर, दिल्ली में बड़े फेरबदल का रास्ता साफ, एलजी ने लौटा दी फाइलें

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में अब जल्द ही बड़े प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिल सकता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में मिली जीत के बाद अब अरविंद केजरीवाल सरकार के हाथ दिल्ली के अफसरों का नियंत्रण आ गया है। एलजी वीके सक्सेना ने सेवा विभाग से जुड़ी फाइलों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास भेज दिया है। जल्द ही दिल्ली में बड़े प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिल सकता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तुरंत बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसकी घोषणा कर दी थी। उनकी सरकार ने कुछ घंटों के भीतर सेवा सचिव को भी बदल दिया था, लेकिन एलजी को आधिकारिक सूचना नहीं मिलने की वजह से इसे लागू नहीं किया जा सका था।अब उपराज्यपाल सचिवालय ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आवश्यक कार्यवाही के लिए सेवा मामलों से संबंधित फाइलों को दिल्ली सरकार को लौटा दिया है। पहले प्रशासनिक सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली के उपराज्यपाल के पास था, इसलिए इससे जुड़ी फाइलें एलजी के पास जाती थी। हालांकि, 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने एक अहम फैसले में कहा कि पब्लिक ऑर्डर, लैंड और पुलिस को छोड़कर अन्य सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों पर दिल्ली सरकार का नियंत्रण होगा। लंबी लड़ाई के बाद केजरीवाल सरकार के अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को मिल गया है।

## यूपी के बाहुबली नेता हरिशंकर तिवारी का निधन, गोरखपुर में छाया मातम

**गोरखपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बाहुबली नेता पंडित हरिशंकर तिवारी का मंगलवार शाम को निधन हो गया। इससे उनके समर्थकों में निराशा छा गई है। निधन की सूचना मिलते ही उनके घर और गोरखपुर हाता पर समर्थकों की भीड़ जुट गई है।

बता दें कि पूर्वांचल के ब्राह्मणों में अच्छी पैठ रखने वाले पंडित हरिशंकर तिवारी ऐसी शख्सियत थे, जो पांच बार कैबिनेट मंत्री रहे। सूबे में किसी भी राजनीतिक दल की सरकार आई, उसने अपनी कैबिनेट में उन्हें जगह दी। छह बार विधायक रहे तो पांच बार उन्हें कैबिनेट मंत्री बनने का मौका मिला था।

हरिशंकर तिवारी ने पहला चुनाव 1985 में निर्दलीय लड़ा था, फिर अलग-अलग राजनीतिक दल के टिकट पर चुनाव लड़कर जीतते रहे हैं। तीन बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर जीते व यूपी सरकार में मंत्री भी बने थे।

## स्कूलों में ही बनेंगे 11वीं, 12वीं के बच्चों के सभी प्रमाणपत्र

**नैनीताल।** स्कूली बच्चों को अब अपने जरूरी प्रमाणपत्र तैयार करने के लिए तहसीलों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। सरकार कक्षा 11 व 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों के सभी प्रमाणपत्र स्कूलों में ही बनाएगी। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए छात्रों की प्रमाणपत्र बनाने की दौड़ भी कम होगी। 'अपणों स्कूल अपणू प्रमाण' पहल का शुभारंभ नैनीताल जिले में हो गया है। जिसके तहत कक्षा 11 व 12वीं के छात्रों के निवास, चरित्र, आय एवं पर्वतीय प्रमाण पत्र विद्यालय में ही उपलब्ध करवाए जाएंगे। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने गठित जनपद स्तरीय समिति के सदस्यों उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं खंडशिक्षा अधिकारी को इस अभियान की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा है कि विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाओं में प्रतिभाग करने के लिए छात्रों को प्रमाणपत्रों की जरूरत होती है। जिसे बनवाने के लिए उन्हें काफी समस्याएं पेश आती हैं। इसलिए सरकार ने अभियान चलाकर विद्यालय में ही बच्चों के प्रमाणपत्र बनाए जा रहे हैं। इस काम के लिए समिति का गठन कर दिया है। समिति जनपद स्तर पर सभी विद्यालयों मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का आंकलन करेगी। जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में गठित समिति पटवारी, लेखपाल, कानूनगो एवं सीएससी के डाटा इंट्री ऑपरेटर द्वारा तिथिवार रोस्टर तैयार कर छात्र-छात्राओं को आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत को इस योजना पर सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व उपजिलाधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

## कर्नाटक के सीएम पद पर फंसा पेंच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक में सीएम पद पर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी हितधारकों से की मुलाकात। सूत्रों ने बताया कि अब अंतिम निर्णय मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी से परामर्श कर लेंगे। घोषणा में कल तक की देरी हो सकती है और बेंगलुरु में ही घोषणा की जा सकती है।

बता दें 13 मई को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए थे। 224 विधानसभा सीटों में कांग्रेस ने 135 सीटें जीतकर सरकार बनाई है। कर्नाटक के अगले सीएम का मसला दिल्ली में सुलझाया जा रहा था। खरगे के आवास पर हो रही बैठक में पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद थे।

बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए हैं। इसके अलावा कर्नाटक में कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक भी खरगे के घर पहुंच चुके हैं। डीके शिवकुमार आज ही कर्नाटक से दिल्ली आए, जबकि सिद्धारमैया सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी आए थे। पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दी थी, जिसके बाद ये बैठक बुलाई गई थी। लेकिन इस बैठक में भी कर्नाटक के सीएम का फैसला नहीं हो सका।

इस बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम लेकर अटकलों पर कांग्रेस विधायक यूटी खादर ने मंगलवार को कहा कि बैठक हो गई है। पार्टी पर्यवेक्षक ने नवनिर्वाचित विधायकों की राय ली है। हाईकमान फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 100 साल पुरानी पार्टी है और ये पार्टी के लिए बहुत छोटा मुद्दा है।

## आज से होगा श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा का आगाज

### बुजुर्ग, ब्लड प्रेशर, शुगर और अस्थमा के रोगी अभी नहीं कर सकेंगे हेमकुंड यात्रा

**ऋषिकेश।** सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब की यात्रा का आगाज बुधवार 17 मई को हो रहा है। जबकि धाम के कपाट 20 मई को खुल रहे हैं। चमोली जनपद में स्थित हेमकुंड धाम और उसके आसपास भारी बर्फ जमी होने के कारण 60 साल से अधिक उम्र वाले, ब्लड प्रेशर, शुगर और अस्थमा से पीड़ित लोगों को यात्रा नहीं करने की सलाह दी गई है। बर्फ पिघलकर साफ होने के बाद ही ऐसे लोगों को यात्रा की अनुमति मिलेगी।

ऋषिकेश में लक्ष्मणझूला रोड स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के प्रबंधक सरदार दर्शन सिंह ने बताया कि यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। हालांकि हेमकुंड साहिब धाम और उसके आसपास जमीं बर्फ की चादर को हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

उन्होंने बताया कि हेमकुंड साहिब की यात्रा आज बुधवार से आरंभ हो रही है। ऋषिकेश गुरुद्वारे से 17 मई को पहला जत्था सुबह 11 बजे श्री हेमकुंड साहिब धाम के लिए रवाना होगा। बकौल प्रबंधक हेमकुंड धाम और आसपास अभी बर्फ जमा है, इससे वहां ऑक्सीजन का स्तर भी कम है। लिहाजा तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। बताया कि 60 साल से अधिक उम्र वाले, ब्लड प्रेशर, शुगर और अस्थमा पीड़ितों को यात्रा पर जाने से रोका जाएगा। बर्फ पिघलकर साफ होने के बाद ही ऐसे लोगों को यात्रा पर जाने की अनुमति दी जाएगी।

**सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया**

गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के मुताबिक हेमकुंड साहिब यात्रा का शुभारंभ बुधवार को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह करेंगे। इसके मद्देनजर मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने लक्ष्मणझूला रोड स्थित यात्रा शुभारंभ स्थल गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कोतवाल आरके पांडेय ने बताया कि यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था नहीं हो इसके मद्देजनर गुरुद्वारे का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्था देखी गई। गुरुद्वारा प्रबंधन से वार्ता कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। मौके पर गुरुद्वार प्रबंधक दर्शन सिंह, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक डीपी काला, जनसंपर्क अधिकारी गुरुद्वारा कमेटी आदि मौजूद रहे।

**फोटो पंजीकरण के लिए खुले तीन काउंटर**

ऋषिकेश। श्री हेमकुंड साहिब यात्रा पर रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं को फोटो पंजीकरण कराना अनिवार्य है। यात्रा के आरंभ होने से एक दिन पहले लक्ष्मणझूला रोड स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब परिसर में फोटो पंजीकरण के लिए तीन काउंटर बनाए गए। पंजीकरण प्रभारी प्रेमअनंत ने बताया कि पहले दिन 10 सिख यात्रियों ने फोटो पंजीकरण कराया है।

### कपाट खुलने में बचे चार दिन, तेजी से हो रहा आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम



**गोपेश्वर (चमोली)।** हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा को शुरू होने में अब सिर्फ चार दिन का समय शेष रह गया है। इसे देखते हुए आस्था पथ से लेकर हेमकुंड साहिब तक बर्फ हटाने का काम तेजी से हो रहा है। हेमकुंड साहिब परिसर में स्नो कटर मशीन से बर्फ हटाई जा रही है। हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि फिलहाल हेमकुंड साहिब में धूप खिली है। मार्ग को बर्फ काटकर और चौड़ा किया जा रहा है। कल यानी 17 मई को ऋषिकेश से श्रद्धालुओं का पहला जत्था पंच प्यारों की अगुवाई में हेमकुंड साहिब के लिए रवाना होगा। इस दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व संत मौजूद रहेंगे। इस बार हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा पर पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को 15 किलोमीटर पैदल मार्ग पर जगह-जगह गर्म पानी मिलेगा। इसके लिए भ्यूंडार और घांघरिया में दो वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। साथ ही यात्रा मार्ग पर संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के लिए तीन स्थानों पर गर्म पानी की व्यवस्था होगी। हेमकुंड साहिब क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जल संस्थान की ओर से यह व्यवस्था करवाई जा रही है। जल संस्थान के सहायक अभियंता अरुण गुप्ता ने बताया कि हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर गर्म पानी के दो वाटर एटीएम लगाए जाएंगे जिससे तीर्थयात्रियों को ठंडा पानी नहीं पीना पड़ेगा। साथ ही यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के लिए तीन स्थानों पर गर्म पानी की चरी बनाई जाएगी। पुलना, भ्यूंडार और घांघरिया में यह व्यवस्था करवाई जा रही है। तीर्थयात्रा शुरू होने से पहले व्यवस्था हो जाएगी।

## नीतीश ने हिंदू राष्ट्र को बताया असंभव, बिहार के साथ देश की बात की, बोले- एकता नहीं टूटेगी



**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब देश की बात कर रहे हैं। बालेश्वर धाम वाले बाबा की बातों से राज्य के अंदर धर्म या जातियों के बीच में कटुता आ सकती है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह मत सोचिए कि बिहार की बात कर रहे हैं, पूरे देश में एकता बनी रहेगी। हिंदू राष्ट्र को लेकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की बातों के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में संविधान के खिलाफ कोई क्या माहौल बनाएगा? लोकसभा और राज्यसभा में पूर्ण बहुमत से ही संविधान में संशोधन होता है। जिन्होंने इस देश की आजादी की लड़ाई लड़ी, संविधान बनाया; उनसे अलग कोई कुछ नहीं कर सकता।

हिन्दू राष्ट्र के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी की लड़ाई कौन लोग लड़े थे। आजादी मिलने के बाद सभी की सहमति से देश का संविधान बना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी समेत सभी लोगों ने नामकरण किया। उसे सबों को स्वीकार करना चाहिए, उसको बदलना नहीं चाहिए। आजकल यह सब देखकर मुझे आश्चर्य होता है। दिल्ली वाले देश भर की मीडिया पर कब्जा किये हुए हैं, इस कारण इन सब चीजों का प्रचार होता है। देश के नाम को आपलोग बदल दीजिएगा? अभी जो लोग बोल रहे हैं उनका जन्म भी आजादी की लड़ाई के समय नहीं हुआ था। हमलोगों का भी जन्म आजादी मिलने के बाद हुआ है। हमारे पिताजी आजादी की लड़ाई में बहुत सक्रिय थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने एक-एक चीज हमें बचपन में ही बतायी थी। हमलोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और उनके साथ काम करने वाले सभी लोगों को मानते हैं। उसी के आधार पर हमलोग विकास का काम कर रहे हैं। आप किसी भी धर्म को मानिए और अपने ढंग से उसे कीजिए। इसमें कोई रुकावट नहीं है। राम हों या कृष्ण हों, जिनको मानना है, वे मानें, इस पर कोई हस्तक्षेप नहीं है। किसी भी धर्म को मानना है, वे मानें इस देश में सात धर्म हैं। पारसी धर्म को मानने वाले कम लोग हैं। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई धर्म, बौद्ध, जैन को मानने वाले लोग देश में हैं।

भगवान बुद्ध को बिहार में ज्ञान प्राप्त हुआ। कई धर्मों के मानने वाले लोग बिहार आते हैं। देश के बाहर से भी लोग बिहार आते हैं। हमलोग सभी लोगों के हित में काम करते हैं। मंदिर हो या मस्जिद, किसी को कोई असुविधा न हो, इसका ख्याल रखा जाता है। आपस में किसी तरह का कोई विवाद नहीं होना चाहिये। सभी को अपने ढंग से पूजा करने एवं काम करने का अधिकार है, इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं है। सभी धर्मों के माननेवालों को इसकी इजाजत है। किसी को भी इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये। कोई कुछ बोल रहा है तो अपनी मर्जी से बोल रहा है। उसका कोई वैल्यू नहीं है। देश के संविधान को सभी लोगों को समझना चाहिए। अगर देश के संविधान का कोई उल्लंघन कर रहा है तो मीडिया को उसे देखना चाहिए।सनातन धर्म से कोई मतलब के सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ जो अंड बंड बोलता है, उसको बोलने से अगर पार्टी में कुछ मिल जाता है तो मिल जाए। यह मत सोचिए कि बिहार की बात कर रहे हैं। जाति धर्म को लेकर एकता पूरे देश में बना रहेगा।

## तीर्थ यात्रा को विक्रम महाजन ने ध्वज देकर किया रवाना

**पठानकोट (एजेंसी)।** नगर के सुप्रसिद्ध समाज सेवक, विभिन्न संस्थाओं के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं निर्माण दि हेल्पिंग हैंड्स के चेयरमैन चाचा वेद प्रकाश द्वारा लोगों की आस्था को ध्यान में रखते हुए निशुल्क तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें तीर्थयात्रियों से भरी बस मां ज्वाला जी व मां बगलामुखी के दर्शनों हेतु सुंदरनगर ढांगू रोड से रवाना हुई। चाचा वेद प्रकाश ने बताया कि यह यात्रा हर महीने धार्मिक स्थलों के दर्शनो हेतु जाया करेगी जिसमें श्रद्धालुओं का आना-जाना और खाने का प्रबंध निशुल्क रहेगा। यात्री बस को विधि-विधान पूर्वक भेजने का कार्य निर्माण दि हेल्पिंग हैंड्स की टीम द्वारा संजीव महाजन की अध्यक्षता में महासचिव एवं प्रवक्ता सुनील महाजन द्वारा संचालित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर विक्रम महाजन द्वारा बस के समक्ष नारियल फोड़ कर और मां का ध्वज यात्रियों को देकर रवाना किया।

## दिल्ली आबकारी घोटाला : सीबीआई का जीओएम बैठकों में अनियमितता का आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के संबंध में दायर अपने दूसरे पूरक आरोप पत्र में मंत्रियों के समूह (जीओएम) की बैठकों में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा है कि कोई रिकॉर्ड नहीं रखा गया और आबकारी आयुक्त को कभी आमंत्रित नहीं किया गया। सीबीआई के एक सूत्र के अनुसार, मार्च 2021 में अरवा गोपी कृष्ण के आबकारी आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, पिछले महीने आठ से 10 जीओएम बैठकें हुई थीं। लेकिन सीबीआई ने आरोप लगाया है कि उन मुलाकातों का कोई रिकॉर्ड या मिनट्स नहीं है।

सूत्रों ने बताया, फरवरी में, उन्होंने बैठकें कीं, लेकिन कोई रिकॉर्ड या मिनट तैयार नहीं किया, इससे पता चलता है कि कुछ गलत था। बाद में जब अरावा गोपी कृष्ण 5 मार्च, 2021 को आबकारी आयुक्त बने, तो उन्हें कभी भी जीओएम की बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया। इन दोनों तथ्यों से संकेत मिलता है कि कुछ गलत था।

सूत्र ने कहा कि सीबीआई ने आबकारी विभाग से यह जानकारी मांगी थी, लेकिन उन्हें नहीं दी गई और बाद में केंद्रीय जांच एजेंसी को इस तथ्य के बारे में पता चला कि उन्होंने कोई रिकॉर्ड तैयार नहीं किया। सीबीआई जांच ने स्थापित किया कि उन बैठकों में जीओएम रिपोर्ट में किसी भी प्रावधान को शामिल करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया था। इसके अलावा, उल्लिखित बैठकों में थोक मॉडल के संबंध में कोई चर्चा शामिल नहीं थी। इसके अतिरिक्त, थोक विक्रेताओं (एल-1 लाइसेंसधारियों) के लिए 12 प्रतिशत लाभ मार्जिन या संबंधित संस्थाओं की परिभाषा के संबंध में कोई परीक्षा या विश्लेषण नहीं किया गया था। सीबीआई के एक सूत्र ने चार्जशीट का हवाला देते हुए कहा कि आबकारी विभाग से न तो सलाह ली गई और न ही जीओएम रिपोर्ट का मसौदा उपलब्ध कराया गया।

# कार्तिकेय स्वामी मंदिर, अनसूया मंदिर को पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाएगा : महाराज



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा जनपद के क्रौंच पर्वत में स्थित कार्तिकेय स्वामी मंदिर में भव्य 108 बालमपुरी शंख पूजा व हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तर भारत का यह कार्तिकेय स्वामी का एकमात्र मंदिर है। दक्षिण भारत में तमिलनाडू व कर्नाटक में भगवान कार्तिकेय के बहुत अनुयायी हैं। यहां दक्षिण के शिवाचार्य आए हैं तथा सभी अनुयायी देश के आगे बढ़ने की कामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगस्त्यमुनि के अगस्त्य ऋषि, कार्तिकेय स्वामी मंदिर व अनसूया मंदिर को पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाएगा तथा पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्तिकेय स्वामी मंदिर के विकसित होने से स्थानीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। कार्तिकेय मंदिर को पर्यटन के मानचित्र पर उभरकर आए इसके लिए पर्यटन की दृष्टि से इसे विकसित किया जाएगा।उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज की पहल पर मंगलवार को जनपद के क्रौंच पर्वत में स्थित कार्तिकेय स्वामी मंदिर में भव्य 108 बालमपुरी शंख पूजा व हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री महाराज ने कहा कि कार्तिक स्वामी मंदिर में 108 बालमपुरी शंख से पूजा व हवन किया गया तथा दक्षिणा वर्त से स्वामी कार्तिकेय का जलाभिषेक किया गया है। कहा कि पृथ्वी की परिक्रमा करने के बाद कार्तिकेय स्वामी यहां पर पहुंचे तो गणेश को श्रेष्ठ पद दिया गया है जिसके बाद कार्तिकेय ने अपनी माँ पार्वती से नाराज होकर यहाँ पर तपस्या की। उन्होंने कहा कि इसके बाद कार्तिकेय दक्षिण भारत को चले गए। जहां उनकी मुरगन स्वामी के नाम से विशेष रूप से आराधना की जाती है। उन्होंने कार्तिक स्वामी मंदिर व कार्तिकेय स्वामी के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। श्री महाराज ने कार्यक्रम में शामिल होने पर सभी शिवाचार्य, गुरुजनों एवं भक्तजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर केदारनाथ की विधायक श्रीमती शैला रानी रावत ने कहा कि उत्तर भारत व दक्षिण भारत के लोगों के लिए यह ऐतिहासिक मिलन का दिन है जहां सभी लोग एक साथ मिले हैं। इस अवसर पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई। पदम श्री शिवमणि व उनके साथियों द्वारा अपनी प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही शिवाचार्यों व गुरुजनों व अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सरवण मणिक्का वासग स्वामी, शिवज्ञान बालय, कुमर गुरबरा स्वामी, शांतलिंग मरूथासला, तिरूज्ञानांदा स्वामीगल, मेडोलिन यू राजेश, आरूर सुब्रझयणम शिवाचार्य स्वामी सुषांता, उत्तराखंड सरकार के ओएसडी भाष्कर खुल्बे, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे, अपर सचिव सी रविशंकर, पुलिस अधीक्षक डॉ. अशोक भदाणे, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, सुशील नौटियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कप्रवान, मंदिर समिति के अध्यक्ष शत्रुघन नेगी, विक्रम नेगी, सुरेंद्र नेगी, रघुवीर नेगी, पूरण सिंह नेगी, रमेश सिह, बलराम सहित दक्षिण भारत से आए व स्थानीय भक्तगण मौजूद रहे।




## नेशनल पावर लिफ्टिंग में उत्तराखंड के खिलाडियों ने किया शानदार प्रदर्शन

देहरादून। तमिलनाडु (त्रिची) में आयोजित नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। नेशनल में प्रथम स्थान प्राप्त कर संगीता राणा ने स्ट्रॉन्ग वूमेन का खिताब भी हासिल किया। महिला वर्ग में अंचल भिस्त (हरिद्वार), नीर (हरिद्वार), संगीता राणा (हरिद्वार) और विनीता नौटियाल (ऋषिकेश) ने गोल्ड जीता। साक्षी पोद्दार और पूजा शर्मा (हरिद्वार) ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में राहुल कुमार (हरिद्वार), दिशांत (हरिद्वार), आदित्य (देहरादून) ने ब्रांज मेडल जीता। संजय सक्सेना (देहरादून), कृष्ण (हरिद्वार) ने सिल्वर और प्राण्य (हरिद्वार) ने गोल्ड मेडल जीता। मास्टर वूमेन स्टेट ट्रॉफी भी उत्तराखंड ने अपने नाम की।

# भगवानपुर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु वेट मशीनें सौंपी

हरिद्वार। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी0एल0 शाह ने मंगलवार को तहसील भगवानपुर में संयुक्त मजिस्ट्रेट भगवानपुर आशीष मिश्रा की पहल पर सीआरएस मद से प्राप्त वेट मशीनों को भगवानपुर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्थापित किये जाने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलेखा सहगल को सौंपे। अपर जिलाधिकारी ने इस मौके पर कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिये वेट मशीनों के अतिरिक्त अन्य आवश्यक सामग्री की जो भी आवश्यकता होगी, उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्रों को अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट भगवानपुर आशीष मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलेखा सहगल, प्रान्तीय रक्षा दल अधिकारी मुकेश कुमार भट्ट सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।



## डीएलएड प्रवेश परीक्षा 20 मई को

चमोली : उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर नैनीताल द्वारा 20 मई को डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परगना मजिस्ट्रेट चमोली डॉ. दीपक सैनी ने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से 19 मई की अपराहन 5 बजे से परीक्षा समाप्ति तक धारा–144 लगाई है। परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत 4 से अधिक व्यक्तियों के एक साथ एक स्थान पर एकत्रित होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने, पाठ्य साम्रगी ले जाने, सेलुलर फोन, पेजर, किसी प्रकार के अस्त्र–शस्त्र, आतिशबाजी करने, पम्पलेट, पोस्टर बैनर लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। शान्ति व्यवस्था में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी, परीक्षार्थियों के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति प्रवेश नही करेगा। यदि कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करेगा तो बिना वारण्ट गिरफ्तार किया जाएगा तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा–188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# स्वच्छता पखवाड़े शुरू, कार्मिक निभायेगें सशक्त भूमिका

नई टिहरी : टीएचडीसी में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि टिहरी काम्पलैक्स के अधिशासी निदेशक (ईडी) एलपी जोशी ने समस्त कार्मिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए किया। इस मौके पर जोशी ने कहा कि भारत सरकार के इस अभियान में सभी कार्मिक अपनी सशक्त भूमिका निभायें। कार्यस्थलों पर न तो गंदगी करें, न किसी को गंदगी करने दें। टीएचडीसी का स्वच्छता पखवाड़ आगामी 31 मई तक निरंतर चलेगा। पखवाड़े की शुरूआत पर वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता के प्रति एक जागरूक नागरिक की भूमिका अदा करते हुए लोगों को भी जागरूक करना है। हमें अपना कर्तव्य को समझते हुए श्रमदान कर इस संकल्प को धरातल पर उतारना है। यूरोपियन देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें अपने दिल में सकारात्मक सोच पैदा करते हुए इस भाव से कार्य करना है कि हमारा हर कदम स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़े। किसी की टिप्पणी न करते हुए अपने घरों एवं कार्यस्थलों पर सकारात्मक भाव से अपने कार्यों को अंजाम देना है। कार्मिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस पखवाड़े के मध्य जो भी कार्यक्रम किए जाने है। उनमें अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें, जिससे कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं शुद्धता का पर्यावरण एवं वातावरण स्थापित हो। अपर महा प्रबंधक डा. एएन त्रिपाठी ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें स्वच्छता जागरूकता से सम्बन्धित बैनर एवं पोस्टरों को विभिन्न स्थानों पर लगाना, प्रमुख स्थानों एवं बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए वॉल पेंटिंग करना, परियोजना स्थलों के नजदीक अस्पतालों व औषधालयों के आस–पास स्वच्छता अभियान चलाना, भागीरथीपुरम एवं कोटी कलोनी के विद्यालयों तथा बाजारों की दुकानों में कूड़े–दान का वितरण करना, टिहरी प्रोजेक्ट के आस–पास के क्षेत्रों पर सफाई अभियान, परियोजना क्षेत्र के आस–पास, बस स्टेशनों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, स्कूली छात्र–छात्राओं के साथ स्वच्छता अभियान रैली का आयोजन, परियोजना क्षेत्र के आस–पास पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों का सफाई अभियान, प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए डोर–टू–डोर अभियान एवं अपने कार्मिकों के लिए जूट व कपड़ों के थैलों का वितरण, स्कूली बच्चों के लिए स्वच्छता के प्रति जागरूकता को निबन्ध, नारा, पेन्टिग प्रतियोगिता का आयोजन आदि किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य महाप्रबन्धक ओ एंड एम आरआर सेमवाल, महा प्रबंधक नियोजन अभिषेक गौड़, महाप्रबंधक यांत्रिक एमके सिंह, अपर महा प्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन डा. एएन त्रिपाठी, अपर महा प्रबंधक चिकित्सालय डा. नमिता डिमरी, अपर महा प्रबंधक पीएसपी मल्लिकार्जुन के, एके शाहू, विपिन सकलानी, एसडी बसियाल, प्रबंधनक जन संपर्क मनबीर सिंह नेगी, दीपक उनियाल, आरडी ममगाई सहित दर्जनों कार्मिक मौजूद रहे। (एजेंसी)

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक और प्रमुख ने किया ब्लॉक का नये भवन का भूमि पूजन

नई टिहरी : भिलंगना ब्लाक के नये कार्यालय भवन का विधायक और ब्लॉक प्रमुख ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरु करवाया। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और लोग मौजूद थे। मंगलवार को भिलंगना ब्लॉक के कार्यालय के नये भवन निर्माण का क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह और ब्लॉक प्रमुख बसुमती घणाता ने भूमि पूजन कर आधार शिला रखी। विधायक ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों लंबे समय से ब्लॉक कार्यालय के नये भवन निर्माण की मांग करते आ रहे थे। बताया शासन की ओर से ब्लॉक के नये भवन निर्माण के लिये करीब ढाई करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधायक ब्लॉक प्रमुख बसुमती घणाता का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ज्येष्ठ प्रमुख राजेन्द्र गुसाईं, कनिष्ठ प्रमुख चंद्रमोहन नौटियाल, कविता रानी तिवाड़ी, आनंद बिष्ट, रामकुमार कठैत,आलोक कुमार, बीडीओ सतीश बडोनी, नत्थी रावत आदि शामिल थे।

### सरकारी भूमि पर बनाएं दो धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किया

नई टिहरी : सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाई गये दो धार्मिक स्थलों को पुलिस, प्रशासन व नगर पालिका ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ध्वस्त किया। तहसीलदार आशीष घिल्डियाल ने बताया कि नगर के मोलधार सेक्टर 9बी और एम ब्लाक में सरकारी भूमि पर धार्मिक स्थल (मजार) बनाने का मामला प्रकाश में आया था। जिसकी शिकायत कई लोगों ने की थी। जिस पर अवैध निर्माण हटाने के लिए सम्बंधितों को तीन नोटिस पूर्व में दिये गए। लेकिन अवैध निर्माण न तोड़ने पर पुलिस व प्रशासन ने धार्मिक स्थलों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की है।

### सेमिनार में जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की

नई टिहरी : हिमालयन इंग्लिश स्कूल घनसाली में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर सेमिनार आयोजन हुआ। सेमिनार में बदलते पर्यावरण के कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की गई। विधायक शक्तिलाल शाह ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में यूएसए से आये रिवर्स ऑफ वर्ल्ड के संस्थापक डॉ. सुविजय दत्ता ने पर्यावरण में लगातार हो रहे परिवर्तन के कारण उससे उत्पन्न चुनौतियों पर जानकारी दी। विद्यालय संस्थापक ई. सुधीर नौटियाल ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय समय–समय पर वैज्ञानिक, पर्यावरण एवं अन्य सामाजिक विषयों पर सेमीनार और गोष्ठी का आयोजन कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता है। विधायक ने कहा घनसाली जैसे दूरस्त क्षेत्र में हिमालयन स्कूल क्षेत्र के बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देने का कार्य कर रहा है।

# चमोली जिला जल्द शत प्रतिशत साक्षर जिलों की श्रेणी में होगा शामिल

जयन्त प्रतिनिधि।



चमोली : जनपद चमोली जल्द ही शत प्रतिशत साक्षर जिलों की श्रेणी में शामिल होगा। यहां प्रत्येक व्यक्ति पढ़ना और गणना सीख कर साक्षर बन रहा है। शत प्रतिशत साक्षरता लक्ष्य प्राप्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'सर्मथ गांव योजना' के तहत प्रत्येक गांव एवं नगर क्षेत्रों में निरक्षर लोगों को ज्ञान मित्रों के माध्यम से साक्षर बनाया जा रहा है।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को 'समर्थ गांव योजना' की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेते हुए इस मुहीम को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एक सहभागी एवं स्वयं सेवी योजना है। जनपद की शत प्रतिशत साक्षरता के लिए इस योजना को एक जन आंदोलन बनाकर इसमें सबका सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि निरक्षर लोगों को साक्षर बनने के लिए प्रोत्साहित करें। निर्धारित समय अंतराल पर साक्षरता कार्यो का मूल्यांकन किया जाए। जो लोग साक्षर हो गए है, उनका तीसरी पार्टी से सत्यापन कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे बुजुर्ग जिनकी आंखे कमजोर है, उनकी आंखों की जांच कराके चश्मा भी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र ने कहा कि इस योजना में ज्ञान मित्र के रूप में कार्य करने वाली आंगनबाडी कार्यकत्री, सहायिका, शिक्षक, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े व्यक्ति एवं सुधीजन पूरी लगन एवं प्रयास से योजना सफल बनाने में सहयोग करें। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'समर्थ गांव योजना' के तहत जनपद चमोली को अप्रैल 2024 तक शत प्रतिशत साक्षर जिला बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद की कुल साक्षरता दर 82.65 प्रतिशत है जिसमें पुरूष साक्षरता 94.18 तथा महिला साक्षरता 73.20 प्रतिशत है। जिले में 1573 पुरूष तथा 19976 महिला सहित कुल 21549 निरक्षर लोगों को चिन्हित किया गया है, जिनको 5249 ज्ञान मित्रों के माध्यम से साक्षर बनाया जा रहा है।

समर्थ गांव योजना के तहत जनपद, ब्लाक एवं संकुल स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला के साथ पुस्तिका एवं स्टेशनरी भी उपलब्ध करायी गई है। गांव में शिक्षित व्यक्ति, आंगनबाडी कार्यकत्री, अध्यापक, विद्यार्थी, यूथ क्लब, स्वयं सहायता समूह ज्ञान मित्र के रूप में कार्य कर रहे है और सप्ताह में तीन दिन व्यक्तिगत रूप से शाम को आपसी सहमति के आधार पर समय निर्धारण कर निरक्षरों को पढ़ा रहे है। समीक्षा बैठक में सीडीपीओ संदीप कुमार, अजीज प्रेमजी फाउंडेशन से मीनाक्षी सहित खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक अध्यापक, ब्लाक एवं संकुल समन्वयक, आंगनबाडी कार्यकत्री, मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित थे।

## देवभूमि उत्तराखंड विवि में युवाओं को मिला तकनीकी सोच विकसित करने का मंच



देहरादून। आधुनिक युग में सपनों की उड़ान में अगर बेहतर तकनीक के पंख लगे हों तो कामयाबी जरूर मिलेगी, लेकिन इसके लिए छात्रों में तकनीकी सोच विकसित करनी होगी। ये बात तकनीकि शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने मंगलवार को मांडूवाला स्थित देवभूमि उत्तराखंड विवि के टेक्नो फेस्ट नवधारा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को तकनीकी सोच विकसित करने का नया मंच देते हैं। जहां तक शिक्षा की बात है तो धीरे–धीरे शिक्षा में तकनीक का समावेश बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम में यूकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने नवधारा स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही छात्रों के तकनीकी हुनर की प्रशंसा की और कहा कि देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी का नवधारा मंच छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। स्थानीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने छात्रों द्वारा तैयार वर्किंग मॉडल्स को देखा और उनकी प्रशंसा की साथ ही देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी के प्रयास को छात्रों के लिए काफी उपयोगी बताया। इस दौरान लगभग 50 टीमों ने हिस्सा लिया और अपने हुनर को प्रदर्शित किया। इस दौरान वैज्ञानिक सुशील कुमार, शोध विशेषज्ञ डॉ. नवनीत कुमार, आईआईटी रुड़की के प्रोफ़ेसर डॉ. इंद्रदीप सिंह, प्रोडक्शन हेड राकेश कुमार, सीनियर आर्किटेक्ट डॉ. रवि तोमर ने निर्णायक के रूप में तीन विजेता घोषित किए । अंत में विजेताओं को पुरस्कार के रूप में तीन लाख रुपये तक की धनराशि दी गई।

### बेरोजगार बोले, सरकार जल्द शुरू करे एलटी–कला की भर्ती

देहरादून। एलटी–कला विषय की भर्ती निरस्त करने के फैसले से शिक्षा विभाग की मुश्किल बढ़ गई। अब इस भर्ती को वर्ष 2019 की सेवानियमावली के आधार पर नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया को शुरू करना होगा। दूसरी तरफ, नियमावली बदले जाने के फैसले का विरोध कर रहे बेरोजगारों ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया। साथ ही सरकार से मांग की कि भर्ती को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। बेरोजगार हरीश आर्य ने कहा कि सरकार कुछ चहेतों को लाभ देने के लिए नॉन बीएड को भी एलटी शिक्षक बनाना चाहती थी। इसीलिए आननफानन में वर्ष 2021 में वर्ष 2019 की सेवा नियामवली को निरस्त करते हुए नई नियमावली बनाई गई थी। आर्य ने कहा कि बेरोजगार लंबे समय से नियुक्तियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसलिए हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार वर्ष 2019 की सेवा नियमावली के अनुसार जल्द से जल्द भर्ती की प्रक्रिया शुरू कराए।

## अपने अधिकारों का प्रयोग पीड़ितों के हित में करें: डीजीपी

देहरादून। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि पुलिस कर्मी अपने अधिकारों का प्रयोग पीड़ितों, गरीबों, असहायों के हित में करें।

उन्होंने अधिनस्थों को अच्छी पुलिस व्यवस्था के टिप्स दिए। देहरादून स्थित पुलिस लाइन में मंगलवार को वरिष्ठता क्रम में चयनित नागरिक पुलिस के 148 मुख्य आरक्षियों के दो माह के प्रशिक्षण शिविर के समापन पर डीजीपी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग और फील्ड पुलिसिंग के जरिए पीड़ित को न्याय दिलाने की बारीकियां बताई। पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप कुंवर ने मुख्य आरक्षियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में उनसे बेहतर पुलिसिंग की अपेक्षा की। वरिष्ठता क्रम में चयनित मुख्य आरक्षियों का प्रशिक्षण दस मार्च को शुरू हुआ था। जिसमें उन्हें भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, साक्ष्य अधिनियम, विविध अधिनियम, कानून व्यवस्था, पुलिस रेगुलेशन एवं कर्तव्य, बाह्यकक्ष में पदाति प्रशिक्षण, पुलिस प्रशिक्षण एवं आपदा प्रबंधन, शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा प्राथमिक चिकित्सा, पुलिस संचार, आपदा प्रबंधन, सीसीटीएनएस, अग्निशमन, आतंकवाद, साइबर क्राइम, अभिसूचना एवं सुरक्षा, विधिविज्ञान आदि विषयों की जानकारी दी गई।



## जीपीओ में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

देहरादून। घंटाघर स्थित जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने युवाओं को वर्चुअली जुड़कर संबोधित किया। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने भी युवाओं को संबोधित किया। इस मौके पर राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, मेयर सुनील उनियाल गामा समेत डाक विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीबीएसई की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा काव्या नेगी ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में हाल ही में घोषित हुए सीबीएसई की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा काव्या नेगी ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर काव्या नेगी को बधाई दी, और इस उपलब्धि एवं सहज स्वभाव के लिए प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि अपने मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है और दूसरों के लिए एक प्रेरणा बन गई हैं। यह सफलता आपके उज्ज्वल भविष्य का प्रारंभिक चरण है। इस अवसर पर शिक्षांकुर द ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल रचना जोशी भी उपस्थित रहीं।



## भारतीय संस्कृति के खिलाफ है समलैंगिक विवाह

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने समलैंगिक विवाह पर कानून बनाए जाने पर रोष व्यक्त किया है।

उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन में परिषद के सदस्यों ने कहा है कि समलैंगिक विवाह भारत की परंपरा के खिलाफ है। कहा कि वर्तमान में समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की चर्चा जोर शोर से चल रही है। इसको लेकर न्यायालय में वाद भी विचारधीन है। इसे किसी भी कीमत पर स्वीकारा नहीं जा सकता। ज्ञापन में राष्ट्रपति से कानून बनने से पहले हस्तक्षेप करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में परिषद के जी के बड़थ्वाल, सी पी डोबरियाल, विनोद ध्यानी, वीरेंद्र सिंह और जी डी जखमोला आदि थे।

# पहलवानों के समर्थन में उतरी महिला कांग्रेस, गिरफ्तारी की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहलवान बेटियों के यौन शोषण के दोषी भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की है। कहा कि देश की पहलवान बेटियों का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जल्द आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो कांग्रेस पूरे देश में आंदोलन चलाएगी।

इस संबध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल के नेतृत्व में तहसीलदार मनजीत सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में भाजपा नेता बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर में महिला पहलवानों का धरना जारी है।



**: तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजती महिला कांग्रेस सदस्य।**

बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआइआर भी दर्ज हो चुकी है, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से न ही उनकी गिरफ्तारी की गई है और न ही समस्या का समाधान निकाला गया है, जिस कारण महिला पहलवानों को जंतर मंतर पर सत्याग्रह के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।

ज्ञापन में राष्ट्रपति से केंद्र सरकार को दोषी सांसद की गिरफ्तारी के लिए आदेशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में सुनीता बिष्ट, सुधा असवाल, गणेशी देवी, कमला देवी, आशा चौहान, विमलेश नेगी, राजेश्वरी रावत, सुभागा रावत और सुनीता रावत आदि थे।

## सरकार से फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की

**पौड़ी** : लोनिवि नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने वर्कचार्ज सेवाओं को जोड़ने से इंकार करने के फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है। संघ ने सरकार से इस फैसले पर फिर से पुनर्विचार करने की मांग की है।

लोनिवि में आयोजित नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ की बैठक में वर्कचार्ज की सेवाओं को पूर्व की भांति पेंशन में जोड़ने की व्यवस्था को यशावत रखने की मांग उठाई गई। इस दौरान कर्मचारियों ने गैरसैंण विधानसभा सत्र में लाए गए पेंशन कानून का कड़ा विरोध किया गया। जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह भंडारी ने कहा कि 2019 में कोर्ट के आदेश पर सरकार ने वर्कचार्ज सेवाओं को पेंशन में जोड़ा था, लेकिन सरकार ने अब वर्कचार्ज सेवाओं को जोड़ने से इनकार कर दिया है। जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बनी हुई है। उन्होंने सरकार से इस फैसले पर पुर्नविचार करने की मांग उठाई।

# गौशाला में लगी आग, झुलसकर बछड़े की मौत

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत हल्दूखाता मल्ला स्थित एक गौशाला में सोमवार देर रात आग लग गई। घटना में से एक बछड़े की झुलसकर मौत हो गई।

हल्दूखाता मल्ला निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि उन्होंने अपने घर के समीप गौशाला बनाई हुई है। मंगलवार सुबह जब वह दूध निकालने के लिए पहुंची तो उन्होंने देखा की गौशाला पूरी तरह जलकर खाक पड़ी है। साथ ही गौशाला में बंधा गाय का बछड़ा झुलस गया था। बताया कि उनकी गौशाला में किसी तरह आग लगी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहीं, सोमवार शाम देवी रोड भारद्वाज कालोनी निवासी रेनू बिष्ट की गौशाला में आग लग गई थी। घटना स्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों व आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मी नरेंद्र दत्त ने बताया कि शार्ट सर्किट होने से गौशाला में रखे भूसे ने आग पकड़ ली थी। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जिससे अधिक नुकसान नहीं हुआ।



**देवी रोड भारद्वाज कालोनी में गौशाला की आग पर काबू पाते दमकल कर्मी व स्थानीय महिलाएं**

# विद्यार्थियों को बताया आग पर काबू पाने का तरीका

## दमकल विभाग की ओर से आयोजित की गई कार्यशाला

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : अग्निशमन विभाग की ओर से विद्यार्थियों को आग पर काबू पाने के तरीके बताए गए। इस दौरान अधिकारियों ने जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

मंगलवार को विद्यालय परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। दमकल अधिकारी सुरेश चंद्र ने विद्यार्थियों को आपदा के दौरान प्रयोग होने वाले उपकरणों के बारे में जानकारी दी। कहा कि यदि हमें आपदा से बचाव के दौरान प्रयोग होने वाले उपकरणों की बेहतर जानकारी है तो हम कई लोगों की मदद कर सकते हैं। कई प्रतिष्ठानों में अग्निशमन उपकरण तो होते हैं लेकिन, उसके प्रयोग की जानकारी अधिकांश व्यक्तियों को नहीं होती। उन्होंने विद्यार्थियों को डेमो के माध्यम से सिलेंडर में आग लगने पर उसे बुझाने के तरीके भी बताए। कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगती हैं। ऐसे में कही भी आग की घटना होने पर इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दें। इस मौके पर प्रधानाचार्य गिरीराज सिंह रावत, रणधीर सिंह, मो. अरशद आदि मौजूद रहे।



**कोटद्वार के बाल भारती सीनियर सेकेंड्री स्कूल में छात्रों को अग्निशमन उपकरणों की जानकारी देते अधिकारी**

## राइंका पुरियाडांग का स्वर्ण जयंती समारोह 21 मई से

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राजकीय इंटर कॉलेज पुरियाडांग के स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर विद्यालय में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह दो दिवसीय समारोह 21 व 22 मई को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय के पुरात्तन छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा।

स्वर्ण जयंती समारोह आयोजन समिति के प्रभारी जगमोहन डांगी ने बताया कि राइंका पुरियाडांग विद्यालय की स्थापना 1973 में जून माह में हुई थी। गढ़वाली चाणक्य पुरिया नैथानी की स्मृति में पहले जूनियर हाईस्कूल के रूप में इसे स्थापित किया गया था। अब यह स्कूल राइंका पुरियाडांग हो गया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि विद्यालय के 50 साल पूरे होने पर विद्यालय व स्थानीय क्षेत्रवासियों की ओर से स्वर्ण जयंती रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। बताया कि पहले दिन 21 मई को विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। दूसरे दिन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमखु कल्जीखाल बीना राणा के रूप में शिरकत करेगी। जबकि द्वारीखाल प्रमुख अति विशिष्ट महेंद्र राणा रहेंगे। बताया कि इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं और स्थानीय महिला मंगल दलों की टीम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देगी।

# विद्यार्थियों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** रितेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में छात्र संसद एवं कन्य भारती का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पदाधिकारी छात्र-छात्राओं ने पद एवं गोपनियता की शपथ ली।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा कोटद्वार के प्रबंधक भावेश कुमार, प्रधानाचार्य कुंज बिहारी भट्ट, मनोज कुकरेती, प्रबंधक राजेंद्र जखमोला एवं उपाध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्पर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विभागों के प्रमुख एवं उपप्रमुख छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। छात्र संसद प्रभारी आचार्य रोहित बलोदी ने छात्र-छात्राओं को विभागों की भूमिका के बारे में बताया। सभी आगंतुक जनों द्वारा छात्र संसद प्रधानमंत्री पद पर अभिषेक रावत, सेनापति पद पर सक्षम जुयाल, कन्या भारती अध्यक्ष पद पर देवयानी ध्यानी, उपाध्यक्ष पद पर कुमकुम रावत, अनुशासन प्रमुख छात्र अर्जुन सिंह, छात्रा स्नेहा खंतवाल, वंदना प्रमुख महक रानाकोटी, चिकित्सा प्रमुख दिव्य प्रजापति, प्रतियोगिता प्रमुख अक्षिता, पुस्तकालय प्रमुख अभिषेक, परसकर प्रमुख रजत सैनी, समाचार प्रमुख नमिता, अर्चना एवम कनक, विद्युत प्रमुख प्रियांशु, जल प्रमुख निशांत, उत्सव जयंती प्रमुख दीपाली मलासी, विज्ञान प्रमुख गौरीश एवं दिया, खेल प्रमुख आयुष रावत, भोजन प्रमुख रुचि खंतवाल अतिथि प्रमुख दीप्ति शर्मा ने विभाग की सत्यता एवं गोपनीयता का शपथ ग्रहण कराया। भावेश कुमार ने सभी पदाधिकारी छात्रों को शुभकामना देते हुए उन्हें अपने विभागों में सक्रिय कार्य करने हेतु मार्गदर्शित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य निर्मल केमनी, प्रधानाचार्य प्रदीप नौडियाल, आचार्य अनिल कोटनाला, संगीता रावत, राहुल भाटिया, राजन शर्मा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।



**कोटद्वार के रितेश सरस्वती विद्या मंदिर में पद व गोपनियता की शपथ लेते विद्यार्थी।**

# सातवें वेतनमान के एरियर का भुगतान व राशिकरण व्यवस्था बहाल करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड पेयजल पेंशनर्स एसोसिएशन की स्थानीय शाखा की बैठक में सातवें वेतनमान के एरियर, राशिकरण की व्यवस्था समेत विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

यांत्रिक शाखा कोटद्वार में हुई बैठक में वक्ताओं ने वर्ष 2017 से सेवानिवृत्त कार्मिकों के राशिकरण की व्यवस्था को स्थगित रखने पर गहरा रोष जताया। कहा कि पेंशनर्स को इस पर लंबी अवधि तक ब्याज देना होता है जो कि विभाग के हित में होता है और इससे पेंशनर्स की पेंशन की धनराशि भी कम हो जाती है। वक्ताओं ने बोर्ड बैठक में रखकर इस व्यवस्था को तुरंत बहाल करने की मांग उठाई। साथ ही मांग पर कार्रवाई न होने पर आंदोलनात्मक कार्रवाई का सुझाव भी दिया। बैठक में कई शाखाओं में एक जनवरी, 2016 से 31 दिसंबर, 2016 तक की अवधि के सातवें वेतनमान के एरियर तैयार कर उसे मुख्यालय नहीं भेजे जाने पर रोष जताया। प्रबंध तंत्र से इस पर अविलंब कार्रवाई करने की मांग की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश जल निगम से सेवानिवृत कर्मियों को पारिवारिक पेंशन में डीए का भुगतान नही हो रहा है जबकि इसमें पेयजल निगम के आदेश हो चुके है। बैठक में पारिवारिक पेंशनरों के पेंशन में डीए का भुगतान अविलंब करने की मांग की गई। बैठक में प्रांतीय महामंत्री प्रवीन सिंह रावत, एमएस रावत, भारत सिंह रावत, पीडी बड़थ्वाल, एमएस बिष्ट, रामशरण लखेड़ा, चंद्रमोहन जखमोला, पूर्णानंद बलोधी, छवाण सिंह, जेष्ठाराम, राकेश कुमार, बीरेंद्र सिंह, भगवंत सिंह, ललिता प्रसाद, जयपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह रावत, गजपाल सिंह, गेंदालाल आदि मौजूद रहे।

# तहसील दिवस : 18 शिकायतों में से 7 का मौके पर निस्तारण

## एडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, 15 दिन के अंदर समस्याओं का हल करने को कहा

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** तहसील पौड़ी में आयोजित तहसील दिवस में फरियादी कम तो अधिकारी ज्यादा नजर आए। कुल 18 शिकायतों में से 7 का मौके पर ही निस्तारण हुआ। एडीएम ईला गिरी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। तहसील दिवस पर अधिकांश शिकायतें जल संस्थान व लोक निर्माण विभाग की थी। एडीएम ने 15 दिन के भीतर समस्याओं के हल करने के निर्देश दिए। ग्राम जायरी के मायाराम की खोला-शैलंगी मोटर मार्ग सम्बन्धी शिकायत पर लोनिवि के अधिकारियों ने बताया कि मोटर मार्ग पर निर्माण कार्यों के लिए टेण्डर प्रक्रिया गतिमान है। इसके अलावा ग्राम प्रधान चोरकण्डी की ग्रामसभा के सार्वजनिक रास्ते को ठीक करवाने सम्बन्धी शिकायत पर अपर जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को बरसात से पूर्व रास्ते की सुरक्षा दीवार बनाने के निर्देश दिये हैं।

तहसील दिवस में पौड़ी निवासी विमल किशोर उप्रेती ने क्यूंकालेश्वर में पेयजल किल्लत, कल्जीखाल की हीना बिष्ट ने पेयजल की समस्या, पौड़ी निवासी गम्मा लाल की श्रीनगर रोड़ पर पेजयल समस्या के अलावा ग्रामसभा ओजली व बेड़गांव के ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या उठाई। एडीएम ने दो दिन के भीतर पेयजल समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। तहसील दिवस में पौड़ी निवासी त्रिलोक सिंह रावत ने जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में कमी के चलते पीपीपी मोड़ से हटाए जाने की मांग उठाई। उन्होंने पौड़ी में पॉलीटैक्निक भवन के अधूरे पड़े निर्माण कार्य को पूरा करने व ल्वाली झील पर कराए गए कार्यों की जांच करवाने, बेड़गांव के प्रमोद रावत ने बूंगा-साकनीखेत मोटर मार्ग का सुधारीकरण करने, सोलर लाईट लगाने व बन्दरों को पकड़ने के लिए पिंजरा लगवाने, नियमित पेजयल आपूर्ति कराये जाने, ग्रामसभा में बीपीएल कार्डधारकों की जांच करने की मांग रखी। तहसील दिवस में तहसीलदार यशवीर सिंह, डीएफओ सिविल एवं सोयम केएन भारती, सीएमओ डा. प्रवीण कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके रॉय, डीपीआरओ जितेंद्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद उनियाल आदि शामिल रहे।



**पौड़ी तहसील दिवस में महिला शिकायत दर्ज कराते हुए।**

## जून माह में होंगे श्री वैश्य अग्रवाल सभा के चुनाव

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : श्री वैश्य अग्रवाल सभा का चुनाव जून माह में करवाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बकायदा सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी भी दी गई है। चुनाव संपन्न करवाने को प्रदीप कुमार अग्रवाल को मुख्य चुनाव अधिकारी व महेंद्र कुमार अग्रवाल को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव करवाए जाएगें। प्रत्येक पद के लिए 51 सौ रूपए की जमानत राशि निर्धारित की गई है। मतदाता सूची में शामिल बीमार व उम्र दराज मतदाताओं को चौबीस घंटे पहले चुनाव अधिकारी को सूचित करना होगा, ताकि उक्त वोटर के घर जाकर मतदान करवाया जा सके। वैश्य अग्रवाल सभा का सदस्य बनने के लिए 25 मई से पहले सदस्यता शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। इस मौके पर श्रीकृष्ण सिंघानिया, पवन एरन, सुमित गोयल, राकेश मित्तल, अवधेश अग्रवाल, मौजूद रहे।

# जंगलों की आग पर नियंत्रण रखना पहली चुनौती

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : पर्यावरणीय जागरूकता को लेकर इन दिनों वन विभाग अभियान चलाए हुए है, जो 7 जून तक चलेगा। अभियान का मकसद जीवनशैली में कुछ बदलाव कर हम पर्यावरणीय संतुलन में योगदान दे सकते हैं। इन दिनों वन महकमे के लिए जंगलों की आग पर नियंत्रण रखना पहली चुनौती है। इसी के साथ विभाग पर्यावरणीय गतिविधियों में वन पंचायतों से लेकर स्कूलों और आम लोगों को जोड़ने का भी काम कर रहा है।

इस अभियान के तहत जहां स्कूलों में छात्र-छात्राओं को अपने पर्यावरण को लेकर अपनाई जाने वाली गतिविधियों के बारे में बताया जा रहा है, वहीं चारधाम यात्रा रूटों पर भी सफाई कर इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। डीएफओ सिविल केएन भारती ने बताया कि लाइफ स्टाइल फॉर इंन्वायरमेंट प्रोग्राम को रन किया गया है। सभी रेंजों में इसको लेकर पहले ही दिशा-निर्देश जारी है। जो भी गतिविधि होगी उसे ऑनलाइन बेवसाइड पर अपलोड भी किया जा रहा है। 7 जून तक चलाने वाले इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ते हुए जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें आम लोगों के साथ ही बच्चे प्लास्टिक का यूज न करे, घरों में पानी और बिजली का जरूरत के हिसाब से ही इस्तेमाल आदि जैसे स्लोगन के साथ प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यात्रा रूटों पर इन दिनों काफी कूड़ा हो जाता है। समय-समय पर इन रूटों पर टीम सफाई अभियान चलाते हुए कूड़े को एकत्र कर संबंधित निकायों को देने का काम करेगी। वन क्षेत्राधिकारी आरपी कुकरेती के मुताबिक यात्रा रूट पर कूड़ा एकत्रीकरण का काम टीम ने किया है। साथ ही इंटर कॉलेज खंदूखाल में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण सरंक्षण को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि जंगलों में यदि आग लगती है तो किस तरह से हमारे पर्यावरण के लिए नुकसानदायी साबित होती है।

## दिव्यांग को दी व्हीलचेयर

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : लायंस क्लब डायनेमिक के सदस्यों की ओर से एक जरूरतमंद दिव्यांग को व्हीलचेयर दान में दी गई।

क्लब के सचिव डा. अनिल मोहन ने बताया कि किसी ने क्लब के अध्यक्ष ला. विवेक अग्रवाल को बताया कि गाड़ीघाट में रहने वाले नासिर के पैरो पर लेंटर गिर जाने से उसके दोनों पैर खराब हो गए है और वह चल फिर नहीं सकता। इस पर अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने क्लब के अन्य सदस्यों से संपर्क किया। सदस्यों के सहमति प्रदान करने के बाद नासिर को व्हील चेयर दान में दी गई। इस पर नासिर के परिजनों ने क्लब का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ला. परविंदर गुसाई और ला. सौरभ शर्मा सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# आठ पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जिले में अवैध शराब की तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस की सख्ती के बावजूद भी शराब तस्कर बेखौफ जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में शराब पहुंचा रहे है।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान वेदीखाल-फरसाड़ी मार्ग पर एक कार से 8 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद की है। शराब का बाजार मूल्य 80 हजार रूपये आंका गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई शराब का ब्रॉड मैकडॉल है और सेल्स फॉर उत्तराखंड है।

एसएसपी ने जिलेभर में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने और अवैध मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई को लेकर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी थलीसैंण सतेंद्र भंडारी ने बताया कि पुलिस मंगलवार को सुबह वेदीखाल-फरसाड़ी मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वेदीखाल की ओर आ रही कार को जब चेक किया गया तो उससे 8 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की बरामद हुई। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही अवैध शराब को जब्त करते हुए कार को भी सीज कर दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पंकज सिंह निवासी ग्राम सेरा थाना थलीसैंण ने पूछताछ में बताया कि वह इस शराब को राजस्व क्षेत्र पोखड़ा से लेकर आया था और बैंजरो के आस-पास के गांवों में इसे बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी अमित भट्ट सहित कांस्टेबल राकेश गुंसाई भी शामिल रहे।

# फरियादी बोले आजादी के 75 साल बाद भी नहीं मिल रही जरूरी सुविधाएं



पिथौरागढ़ : कनालीछीना विकासखंड में आयोजित तहसील दिवस पर सड़क, पानी के मुद्दे छाए रहे। आमजन ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी लोग जरूरी सुविधाओं से महरूम हैं। कहीं लोग सड़क के अभाव में कई किमी पैदल आवाजाही करने को मजबूर हैं तो कहीं पेयजल योजनाओं के अभाव में लोग स्रोतों से पानी ढोकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। मंगलवार को विकासखंड सभागार में डीएम रीना जोशी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान विभिन्न गांवों के लोगों ने पहुंचकर अपनी व क्षेत्र की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। लमड़ा के शिकायतकर्ता हरीश उपाध्याय ने कहा कि कसपटिया–दौला सड़क निर्माण का लंबे समय से मामला लंबित चल रहा है। इससे ग्रामीणों को खासी दिक्कत हो रही है। चमडुंगरी के राजेंद्र सिंह ने पीपली–चमडुंगरी सड़क चौड़ीकरण का मामला रखा। सतगढ़ के केशवदास ने कहा कि उन्होंने स्वरोजगार को लेकर मुर्गी पालन व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। इसके लिए पशुपालन विभाग को ऋण हेतू आवेदन भी किया, लेकिन काफी समय बीतने के बावजूद आवेदन बैंक स्तर पर ही लंबित है। लीमा टोडा के कुंदन राम ने पर्याप्त पेयजल आपूर्ति न होने पर नाराजगी जताई। गुडोली की ज्योति कोहली और दूनाकोट की बबीता देवी ने आधार कार्ड नहीं बनने की समस्या रखी। सतगड़ की सरस्वती देवी, कमला और लीमाटौडा के कुंदन राम, कोटली की दीपा देवी ने आर्थिक तंगी का हवाला देकर प्रशासन से सहायता की मांग की। उमरी की भागीरथी देवी ने कहा कि गांव में वाहनों का संचालन न होने से स्कूली बच्चों को खासी दिक्कत हो रही है। बच्चे पैदल आवाजाही कर विद्यालय पहुंच रहे हैं। अन्य कई लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। डीएम रीना ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों का समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर सीडीओ वरुण चौधरी, एसडीएम भगत सिंह फोनिया, पीडी डीआरडीए आशीष पुनेठा, डीडीओ रमा गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, ग्रामीण मौजूद रहे। (एजेंसी)

## विधायक ने किया सीसी रोड का लोकार्पण

रुद्रपुर : ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के कृष्ण कॉलोनी में विधायक शिव अरोरा ने सीसी रोड का लोकार्पण किया। वहीं लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनकर निवारण का आश्वासन दिया। मंगलवार को विधायक ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के कृष्ण कॉलोनी कहा कि क्षेत्र में लगातार कार्य गतिमान है। क्षेत्र में विकास के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हुई विधानसभा की समीक्षा बैठक भी काफी अच्छी रही। इसके सकारात्मक परिणाम धरातल पर नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार जनहित में कार्य करते हुए उत्तराखंड को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्य में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और काम की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, मदन दिवाकर, मनोज मदान, ललित विष्ट, धर्मेंद्र राठौर , प्रदीप राठौर, मुकेश रस्तोगी , विद्या सागर, तारक सरकार, विजय डे, कैलाश राठौर, माही सकलानी, शंकर विश्वास, केपी राठौर, सोनू यादव आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# भाजपा सांसद बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की जाय

अल्मोड़ा : महिला खिलाड़ियों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ महिला कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज भाजपा सांसद बृजभूषण शर्मा की सदस्यता निरस्त कर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया। संयुक्त मजिस्ट्रेट जय किशन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिला खिलाड़ी भाजपा सांसद बृजभूषण शर्मा द्वारा किये गए यौन उत्पीड़न के खिलाफ कई दिनों से जंतर–मंतर दिल्ली में धरने में बैठी हैं। लेकिन उनको न्याय न मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। ओलंपिक खेलों में भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन करने वाली भारत की इन बेटियों के साथ आरोपित भाजपा सांसद द्वारा यौन उत्पीड़न किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। सभी महिलाएं इस कृत्य की घोर भर्त्सना करती हैं। राष्ट्रपति से घटना का अविलंब संज्ञान लेकर आरोपित भाजपा सांसद बृजभूषण सदस्यता निरस्त कर उनको दंडित किए जाने का आग्रह किया गया। ज्ञापन भेजने वालों में कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, संरक्षक रचना रावत, महिला नगर अध्यक्ष नेहा साह माहरा, यूथ विधासभा क्षेत्र अध्यक्ष आंकिता पंत पड़लिया, महासचिव कुसुम जोशी, उपाध्यक्ष बसंती डोबरियाल, नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, पीसीसी सदस्य कैलाश पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, अगस्त लाल साह, हेमंत मेहरा, कुलदीप कुमार, हेमंत रौतेला, पंकज गुरुरानी, हेमंत बिष्ट, ललित मोहन आर्या, सोनू सिद्दीकी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## ट्रक चालक गिरफ्तार

रुद्रपुर : इन्द्रा चौक के पास ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, इसमें बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं टक्कर के बाद भाग रहे ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को रविन्द्रनगर निवासी पीयूष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 13 मई शाम छह बजे उसके ससुर रमेश चंद्र बाइक पर रम्पुरा से प्रीत विहार जा रहे थे।

# गुलदार पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



अल्मोड़ा : तहसील के सुदूरवर्ती नौगांव फयाटनौला युवक को निवाला बनाने वाला गुलदार आखिर पिंजरे में कैद हो गया है। गुलदार को फंसाने के लिए वन विभाग ने दो पिंजड़े लगाने के साथ कैमरा ट्रैप भी सेट किए थे। वन विभाग ने गुलदार को अल्मोड़ा स्थित रेस्क्यू सेंटर भेज दिया है, जहां गुलदार की जांच के बाद उसके आदमखोर होने का पता चल सकेगा। गुलदार के कैद होने से क्षेत्रवासियों के साथ वन विभाग ने भी राहत की सांस ली है। फयाटनौला गांव में गुलदार ने 40 वर्षीय जगदीश चंद्र असनौड़ा को मौत के घाट उतार दिया था। दो मई की सुबह युवक का क्षत–विक्षत शव गांव से दूर सूखे नौले के पास झाड़ियों से बरामद हुआ। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने घटना स्थल के पास पिंजड़ा लगाया। वन विभाग की टीम ने गांव में डेरा डालकर पेट्रोलिंग शुरू की। बाद में ड्रोन और कैमरा ट्रैप की मदद से भी गुलदार की मूवमेंट ट्रेक करने का प्रयास किया गया। सफलता नहीं मिलने पर वन विभाग ने दूसरी लोकेशन पर भी एक और पिंजड़ा सेट किया। साथ ही विभाग की टीम इलाके में लगातार गश्त कर रही थी। इधर, घटना के 15 दिन गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। वन क्षेत्राधिकारी तापस मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की सुबह 7.45 बजे ग्रामीणों ने पिंजड़े में गुलदार को फंसा देखने के बाद विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद वह स्वयं वन क्षेत्र और रेस्क्यू टीम को लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गुलदार को अल्मोड़ा रेस्क्यू सेंटर भेज दिया है। (एजेंसी)

## नाराज पीआरडी जवान बैठा अनशन पर

बागेश्वर : पीआरडी जवान को ड्यूटी नहीं मिलने पर वह आमरण अनशन पर बैठ गया है। उसने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कहा कि वह लगातार विभाग से संपर्क कर रहा है।

लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। वैणीमाधव वार्ड के नई बस्ती निवासी ललित राम पुत्र उदय राम ने कहा कि बीते छह मई को एक प्रार्थना पत्र दिया। 2016 से उसे ड्यूटी नहीं मिल रही है। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

महंगाई के दौर में काम नहीं मिलने से परिवार का भरण–पोषण नहीं हो पा रहा है। बच्चों की शिक्षा और कपड़े आदि भी नहीं बना पा रहे हैं। उसके साथ अप्रिय घटना होने पर शासन–प्रशासन जिम्मेदार रहेगा। (एजेंसी)

# विधायक बोले दशकों से रह रहे ग्रामीणों को नहीं हटाया जाएगा

रुद्रपुर : विभाग द्वारा पीपलपड़ाव रेंज के अंतर्गत बीते सप्ताह के भीतर सौ लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया है। वन विभाग की इस कार्रवाई से वन क्षेत्र के समीप दशकों से रह रहे ग्रामीणों में खलबली मची हुई हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री धामी से वार्ता के बाद विधायक पांडे ने जलाशय भीतर इन गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दशकों से रह रहे ग्रामीणों को हटाया नहीं जाएगा।

बीते दिनों वन विभाग ने पीपलपड़ाव रेंज में अतिक्रमण की गई करीब 45 हेक्टेयर भूमि को खाली कराया है। विभाग कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए पीपलपड़ाव रेंज के पड़किया, टिब्बी, सेमल चौड़, कटपुलिया, ककराला, नया प्लॉट गांव के करीब 100 लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस थमा दिया। विधायक अरविंद पांडे ने काशीपुर कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि ग्रामीणों करीब 50 साल से यहां रह रहे हैं। अनके पास इसके कागजात भी हैं।



बुधवार को विधायक पांडे ने जलाशय भीतर के गांव में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने आश्वासन दिया है कि दशकों से रह रहे लोगों को हटाया नहीं जाएगा। इस मामले में वन विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता भी हुई है। वन भूमि में किए नए निर्माण पर ही कार्रवाई की जाएगी। यहां बीडीसी गुरमेल सिंह, मोहन सिंह, करण, राजू, हरि सिंह, गोविंद, खड़क सिंह, लखविंदर, जसविंदर, मनोज, शोनू आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# अभिभावकों ने निजी विद्यालय प्रबंधन का फूंका पुतला



रुद्रपुर : निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ भाजपा से जुड़े पदाधिकारियों और अभिभावकों ने तहसील परिसर में धरना दिया। अभिभावकों ने निजी विद्यालय प्रबंधकों की अर्थी निकाली और पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक विद्यालय प्रबंधक सरकारी मानकों के अनुरूप काम नहीं करते उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर बैठे भाजपाइयों ने कहा कि खटीमा में अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गरीब से गरीब बच्चा भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। इसके लिए स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें लागू करने के आदेश दिए गए हैं, लेकिन निजी विद्यालय नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। विद्यालयों में महंगी किताबें लगाई जा रही हैं। मनमानी फीस वसूली जा रही है। निजी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को वेतन नहीं दिया जा रहा उन्हें अवकाश तक नहीं देते। पुतला फूंकने वालों में भुवन जोशी, किशोर जोशी, बिमला बिष्ट, हरीश सिंह बिष्ट, दिनेश भट्ट, शांति, निशा गड़कोटी, पूजा सुतेड़ी, गीता, रेनू चंद, महेश राणा, दीपक भट्ट, नीमा जोशी, गंगा देवी, प्रेम प्रकाश जोशी, हरीश वर्मा, प्रेमा महर, कौशल्या बाफिला आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## आरक्षित वन क्षेत्र से हटाया धार्मिक स्थल

रुद्रपुर : एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट ने वन विभाग की टीम को साथ लेकर लोहियाहेड रोड स्थित धार्मिक संरचना को हटा दिया। इससे पूर्व इस स्थान की देखरेख करने वालों को नोटिस जारी किया गया था।

नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर धार्मिक संरचना को हटा दिया गया। एसडीएम बिष्ट ने बताया कि लोहियाहेड रोड में आरक्षित वन क्षेत्र में एक धार्मिक संरचना थी। यहां देखभाल करने वाले व्यक्ति को नोटिस दिया गया था। वन विभाग द्वारा भी इस जगह की बेदखली चलाई गई थी। एक सप्ताह पूर्व उन्होंने स्वयं यहां आकर देखरेख करने वाले व्यक्ति से स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था।

# खनन निकासी लक्ष्य बढ़ा, खनन कारोबारियों ने ली राहत की सांस

चम्पावत। शारदा नदी से खनन निकासी का लक्ष्य 45.66 हजार घन मीटर और बढ़ाया गया है। जिससे खनन कारोबारियों ने राहत की सांस ली है। एडवांस रॉयल्टी जमा होने तक खनन निकासी कार्य बंद किया गया है। शारदा नदी में खनन निकासी लक्ष्य को और अधिक बढ़ाया गया है। पहले सरकार ने शारदा नदी से 1.82 लाख घन मीटर निकासी का लक्ष्य रखा था। जिसमें 45.66 हजार घन मीटर को और बढ़ाया गया है। वन निगम के डीएलएम राकेश कुमार ने बताया कि खनन कारोबारियों की शिफारिश पर खनन निकासी लक्ष्य को बढ़ाया गया है। बताया कि अब तक सरकार को करीब 5.83 करोड़ रुपये का राजस्व भी प्राप्त हो चुका है। एडवांस रॉयल्टी जमा न होने के कारण खनन निकासी कार्य को बंद किया गया है। बताया कि रॉयल्टी जमा होते ही फिर से शारदा नदी में खनन निकासी शुरू हो जाएगी। डीएलएम ने सभी खनन व्यापारियों से नियमानुसार ही खनन निकासी किए जाने की अपील की है। (एजेंसी)

## तहसील प्रशासन अतिक्रमण को लेकर अलर्ट मोड में

बागेश्वर : सड़क किनारे निर्माण सामग्री फेंकने व अतिक्रमण को लेकर तहसील प्रशासन अलर्ट मोड में है। मंगलवार की शाम एसडीएम मोनिका के नेतृत्व में पुलिस, नगर पंचायत कर्मियों ने भराड़ी, जाजर से लेकर पुल बाजार तक औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क किनारे फेंकी गई निर्माण सामग्री को चेक किया। अवैध कब्जों को देखा तथा उन दुकानदारों को चेताया जिन्होंने सामान सड़क तक फैलाया हुआ था। सख्त लहजे में कहा कि मनमानी किसी को भी नहीं करने दी जाएगी। लोगों ने जल्द सामान अंदर नहीं रखा तथा निर्माण सामग्री नहीं हटाई तो उसे जब्त कर लिया जाएगा।

# राज्य आंदोलनकारी निर्मल पंडित को पुण्यतिथि पर याद किया

पिथौरागढ़ : राज्य आंदोलनकारी स्व. निर्मल पंडित को 25वीं पुण्यतिथि पर विभिन्न संगठनों ने याद किया। इस दौरान शहीद स्मारक में एक कार्यक्रम आयोजित कर उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया। मंगलवार को रामलीला मैदान के समीप शहीद स्मारक में विभिन्न संगठनों के लोग एकत्रित हुए। इस दौरान लोगों ने उनकी मूर्ति में पुष्प अर्पित कर अपन विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने स्व. पंडित को प्रखर आंदोलनकारी व राज्य का हित चिंतक बताते हुए उनके कामों को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वे अलग राज्य के लिए संघर्ष करते रहे। कहा कि स्व. पंडित ने शराब के ठेकों के विरोध में 27 मार्च 1998 को आत्म दाह कर लिया था। इसके बाद 16मई को 1998में उनका उपचार के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे चिटगल से जिला पंचायत सदस्य भी चुने गए। काल के क्रूर प्रहार ने एक होनहार नेता को राज्य गठन से पहले ही हमसे छीन लिया। संचालन जुगल किशोर पांडेय ने किया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र रावत, डीएन भट्ट, डीएस भंडारी, गिरधर सिंह बिष्ट, महेश मखौलिया, बुद्धिबल्लभ भट्ट, विप्लव भट्ट, जितेंद्र वल्दिया, मनोज जोशी, जावेद खान, सूरज गिरी, राजेंद्र खनका, दीपा जोशी, सुशीला नागी, चंचल भंडारी, कैलाश कुमार, लक्ष्मीदत्त तिवारी, राजेंद्र देवलाल, गजेंद्र बोरा, अक्षय शाह। (एजेंसी)

## राज्यपाल आज नैनीताल में

नैनीताल : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह आज नैनीताल पहुंचेंगे। जिला मजिस्ट्रेट धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि राज्यपाल दोपहर 2.20 पर कैलाखान स्थित हेलीपैड़ पर पहुंचेंगे। जहां से वह राजभवन जाएंगे। राज्यपाल 19 मई को वह राजभवन गोल्फ मैदान पर होने वाले गर्वनर्स गोल्फ टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगे। (एजेंसी)

## छात्रों को वायुयान की तकनीकी के बारे में बताया

रुद्रपुर : नानकमत्ता पब्लिक स्कूल में आयोजित साइंस आउटरीच कार्यक्रम में छात्रों को वायुयान के सम्बंध में तकनीकी जानकारी दी। आईआईटी मुंबई में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रो. डॉ. राज कुमार पंत ने छात्रों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, वीडियो और ऐरोप्लेन के अलग–अलग मॉडल के माध्यम से इंसान के हवा में उड़ने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वायुयान के उड़ने के सिद्धांत को प्रदर्शित किया। जहाज़ के उड़ने में हवा का दवाब, भार, गुरुत्वाकर्षण, डिज़ाइनिंग आदि विषयों पर चर्चा की। तीन दशकों से एयरोनॉटिक्स इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शोध और अध्यापन कर रहे प्रो. पंत ने ब्रिटेन के क्रैनफील्ड विश्वविद्यालय से पीएचडी की है और संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील और सिंगापुर के टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालयों में रिसर्च फेलो और विजटिंग फैकल्टी हैं। (एजेंसी)

# अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय होगा मुकाबला, 19 को होगा मतदान




नैनीताल : जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारणी के गठन को लेकर चुनावी प्रक्रिया जारी है।

मंगलवार को विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। अध्यक्ष पद पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होगा। बुधवार को नाम वापसी और नामांकन पत्रों की जांच होगी। 19 मई को होने वाले चुनाव में 273 मतदाता मतदान करेंगे। चुनाव में पारदर्शिता के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश चंदोला ने बताया कि अध्यक्ष पद पर मनीष मोहन जोशी, अशोक कुमार मौलेखी एवं मंजू कोटलिया ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर तारा आर्या एवं प्रदीप परगई ने नामांकन जमा किया है। सचिव पद पर संजय सुयाल एवं भानू प्रताप सिंह मोनी तथा संयुक्त सचिव पद पर मेघा उप्रेती सुयाल एवं दीपक सिंह दानू ने नामांकन पत्र दाखिल कर दावेदारी की है। इसके अलावा कार्यकारणी सदस्य के लिए जीतेंद्र सिंह बंगारी, अर्पित गुप्ता, किरन आर्या, मो. खुर्शीद हुसैन, सरिता बिष्ट व मुन्नी आर्या ने पर्चा जमा किया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को दोपहर एक बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। जिसके बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 19 मई को सुबह साढ़े दस बजे से शाम 3 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना एवं परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनावी प्रक्रिया को सफल बनाने में मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश चंदोला के साथ सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में ओंकार गोस्वामी, बीके सांगुड़ी, प्रमोद बहुगुणा एवं कार्यालय सहायक गौतम कुमार जुटे हैं। (एजेंसी)

**मतपत्र से भी कर सकते है मतदान**

जिला बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि इस बार मतपत्र से भी मतदान की सुविधा दी जा रही है। चुनाव में जो भी अधिवक्ता शामिल नहीं हो पा रहे हैं, वह 18 मई को मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

जनके मतपत्र चुनाव की प्रक्रिया के दौरान कमेटी के समक्ष खोले जाएंगे। जिला बार की ओर से अधिवक्ताओं को पहली बार यह सुविधा दी जा रही है।

# हुड़दंग करने वाले चार युवकों का पुलिस ने किया चालान, वाहन सीज

चम्पावत : शराब पीकर चम्पावत मुख्य बाजार में अराजकता करने वाले चार युवकों पर पुलिस ने तमाम धाराओं में चालानी कार्यवाही की है। इसके अलावा एक बाइक भी सीज कर दी है। सोमवार देर शाम मुख्य बाजार में शराब पीकर आए चार युवकों ने पहले तो कुछ व्यापारियों के साथ गाली गलौज और अभद्रता की। इसके बाद एक महिला व्यापारी जिनकी सब्जी की दुकान है, वहां घुसकर मारपीट की। विरोध करने पर नशे में धुत युवक धमकाने लगे। मौके पर पुलिस मौजूद न होने से हंगामा तकरीबन एक घंटा चला। व्यापारियों और स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से हुड़दंग करने वाले युवकों को चिन्हित कर कोतवाली बुलाया। पुलिस के मुताबिक हुड़दंग करने वालों में दो सेना के जवान हैं। जो इन दिनों छुट्टी पर घर आए हुए हैं। कोतवाल योगेश उपाध्याय ने बताया कि चारों युवकों के शांतिभंग, नशे और बगैर हेलमेट–कागजात के वाहन चलाने समेत अन्य धाराओं में चालान किया गया है। साथ ही उन्हें सख्त हिदायत देकर छोड़ा है। (एजेंसी)

## धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

बागेश्वर : पड़ोसी को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। भनार गांव निवासी अमर राम की प्राथमिकी पर पुलिस ने बीते दिवस मामला दर्ज किया। आरोपित भूपाल राम पुत्र हर राम को शामा बैंड के समीप से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष केएस बिष्ट ने बताया कि आरोपित पड़ोसियों के साथ गाली गलौज, हाथ में पत्थर और धारदार हथियार लेकर जान से मारने की धमकी देता था। उसके विरुद्ध धारा 504/506/427/336 मामला दर्ज किया गया। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई

अल्मोड़ा : जिला विकास प्राधिकरण समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर अल्मोड़ा में सर्वदलीय संघर्ष समिति का धरना–प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को भी समिति से जुड़े विभिन्न संगठनों के लोगों ने गांधी पार्क में धरना दिया। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

शासनादेश जारी होने तक आंदोलन पर अडिग रहने की चेतावनी दी। समिति के संयोजक व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि पांच साल से वह लोग डीडीए समाप्ति की मांग पर धरना दे रहे हैं। बावजूद इसके सरकार इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। कहा कि जब तक डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं हो जाता तब तक सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

उन्होंने जल्द डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग की। इस मौके पर हेम चंद्र तिवारी, हेम चंद्र जोशी, ललित मोहन पंत, महेश चंद्र आर्या, आनंद सिंह बगड़वाल, प्रताप सिंह सत्याल, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, शहाबुद्दीन, शंकर दत्त भट्ट, आनंद सिं ऐरी समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सिंगल यूज प्लास्टिक मानव जीवन, पशु व पर्यावरण के लिए घातक

अल्मोड़ा : विकास खंड स्याल्दे सभागार में ग्राम स्वछता कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें गावों को स्वच्छ रखने के लिये जैविक और अजैविक कूड़े के संग्रहण आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। मंगलवार को विकास खंड सभागार में आयोजित कार्यशाला में नोडल अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी कैलाश चंद्र तिवाडी ने कहा प्रत्येक गांव और कस्बे को स्वच्छ रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इस कार्य के लिये जनसहभागिता को भी आवश्यक बताया। कहा सिंगल यूज प्लास्टिक मानव जीवन के साथ पशुओं एवं पर्यावरण के लिये घातक है। इसके प्रयोग पर प्रतिबंध है। इसका पालन सभी को करना आवश्यक है। कार्यशाला में जैविक और अजैविक कूड़े के अलग–अलग संग्रहण करने व जैविक खाद की प्रक्रिया बताई गई। नदियों, जल धाराओं, नौलों, स्रोतों को स्वचछ रखने के लिये प्रेरित कर इनमें कूड़ा नहीं डालने पर जोर दिया। इस मौके पर डीडीओ केसी तिवाड़ी, डीपीआरओ जीएस अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जगदीश प्रसाद, बीडीओ केएस बिष्ट, दर्शन जोशी, कुंदन लाल, अशोक तिवारी, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र का शुरू

नैनीताल : परिवर्तन संस्था ने मंगलवार को कंप्यूटर लैब व सिलाई प्रशिक्षण स्वरोजगार केंद्र का शुभारंभ किया। प्राथमिक विद्यालय परिषद नैनीताल में यह केंद्र चलेगा। जिसमें कपड़ों के बैग बनाने के साथ ही सिलाई–कढ़ाई एवं कंप्यूटर का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने केंद्र का शुभारंभ किया।

# सीवर लाइन से जुड़ेगा श्रीकोट व डांग का क्षेत्र

## जल्द ही सर्वे कार्य पूरा करा कर डीपीआर होगी तैयार

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में सीवर लाइन निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री की घोषणा को कार्यरूप देने के लिए पेयजल निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में निगम की ओर से सर्वे का काम शुरू किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत श्रीनगर के अलावा श्रीकोट व डांग क्षेत्र को भी सीवर लाइन से जोड़ने की योजना है। इसमें करीब 50 किमी. से अधिक लंबी सीवर लाइन बिछेगी।

श्रीनगर में लंबे समय से लोग सीवर लाइन बिछाए जाने का इंतजार कर रहे हैं। यहां आवासीय बस्तियों का विस्तार होने से अधिकांश हिस्सों में बिना सीवर लाइन के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कई ऐसे मोहल्ले भी हैं जिनमें सीवर लाइन का निर्माण कार्य वर्षों से आधा-अधूरा भी लटका हुआ है। इसको देखते हुए सीवर लाइन निर्माण के कार्यदाई विभाग के रूप में कार्य कर रहा पेयजल निगम मुख्यमंत्री की घोषणा के आधार पर सीवर लाइन के निर्माण कार्य को पूरा करने के प्रयास में जुट गया है। निगम के ईई रविंद्र सिंह ने बताया कि श्रीनगर में अभी करीब 13 किमी. क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाई गई है। इससे सीवर सीधे ट्रीटमेंट प्लांट में जाता है। जबकि एक दर्जन से अधिक नाले भी टेप किए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रीनगर का नगर निगम में विस्तार होने पर डांग व श्रीकोट को भी प्राथमिकता के साथ सीवर से जोड़ने की योजना है। कहा जल्द ही सर्वे कार्य पूरा करा कर इसकी डीपीआर तैयार कर दी जाएगी। कहा श्रीनगर, श्रीकोट व डांग में करीब 50 किमी. से अधिक लंबी सीवर लाइन बिछाई जाएगी। (एजेंसी)

# विमल बहुगुणा को बेल्जियम में मिलेगा अवार्ड

श्रीनगर गढ़वाल : वरिष्ठ रंगकर्मी एवं हॉलीवुड अभिनेता विमल बहुगुणा को 20 मई को ब्रसेल्स (बेल्जियम) में होने वाले परिकल्पना हिन्दी उत्सव समारोह में लाइफ टाईम एचिवमेंट अवार्ड सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ रंगकर्मी विमल बहुगुणा ने बताया कि 20 मई को ब्रसेल्स (बेल्जियम) के गोस्सित होटल के सभागार में परिकल्पना हिन्दी उत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ कवियित्री डॉ. चम्पा श्रीवास्तव, लघु कथा के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान के लिए डॉ. क्षमा सिसोदिया, काव्य की हाईकु विधा में अप्रतिम योगदान के लिए डॉ. सुभाषिणी शर्मा, सामाजिक सांस्कृतिक विरासत को मजबूती प्रदान करने की दिशा में अपने अमूल्य योगदान के लिए सचिंद्र नाथ मिश्र को परिकल्पना सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। (एजेंसी)

## स्कूलों में प्रमाण पत्र बनाने का रोस्टर जारी

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर व देवप्रयाग तहसील प्रशासन ने शासन के निर्देशों पर स्कूलों में 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्रों के स्थाई निवास व जाति सहित अन्य प्रमाण पत्र बनाने के लिए रोस्टर जारी कर दिया है। इसके तहत 17 मई से 26 मई तक स्कूलों में छात्र प्रमाण पत्र बना सकेंगे। इससे छात्रों को प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसील के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। एसडीएम सोनिया पंत ने बताया कि शासन स्तर से 11 एवं 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के प्रमाण पत्र विद्यालयों में ही उपलब्ध कराए जाने के निर्देश मिले हैं।

# बेस अस्पताल में वायरोलॉजी लैब व जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन स्थापित

श्रीनगर गढ़वाल : वीर चंद्र सिंह गढ़वाली आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान (मेडिकल कॉलेज) श्रीनगर श्रीकोट में मरीजों को शीघ्र ही जीनोम सिक्सवेंसिंग व सभी प्रकार की वायरोलॉजी जांचों की सुविधा मिलेगी। इसके लिए अस्पताल में करीब 4 करोड़ लागत की बीएसएल-3 वायरोलॉजी लैब व 2 करोड़ 84 लाख रूपए की लागत की जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन स्थापित की गई हैं। जल्द ही इनका शुभारंभ कर मरीजों को इसका लाभ दिलाया जाएगा।

मेडिकल कॉलेज व बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सरकार व मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। अस्पताल में एमआरआई मशीन के संचालन का कार्य अंतिम चरण में है। यहां पर करीब 11 करोड़ लागत की आधुनिक एमआरआई मशीन स्थापित की गई है। जिसका लाभ शीघ्र ही लोगों को मिलने वाला है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सीएमएस रावत ने बताया कि मशीन को इंस्टाल कर दिया गया है। कहा अब इसमें अंतिम चरण का कार्य शेष है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लगभग सभी प्रकार की वायरोलॉजी जांचें भी होंगी। इसके लिए बीएसएल-3 वायरोलॉजी लैब स्थापित कर दी गई है। साथ ही यहां पर जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन भी स्थापित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में 60 में से 22 असिस्टेंट प्रोफेसर ने ज्वाइनिंग ले ली है। जबकि चयनित 30 असिस्टेंट प्रोफेसर ने ज्वाइनिंग के लिए समय मांगा है। कहा इससे सभी विभागों में फैकल्टी व विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी पूरी होगी। (एजेंसी)

## रिटायर अधिकारी, कर्मचारियों को सेवा विस्तार देने पर जताया विरोध

देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन ने रिटायर अधिकारियों, कर्मचारियों को सेवा विस्तार देने पर विरोध जताया। तत्काल ऐसे सभी कर्मचारियों का सेवा विस्तार निरस्त किए जाने की मांग की। ऐसा न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। संगठन के महामंत्री रमेश बिंजोला ने मुख्य महाप्रबंधक को भेजे पत्र में कहा कि जल संस्थान में लगातार रिटायर लोगों को एक के बाद एक सेवा विस्तार दिया जा रहा है। रिटायर लोगों को दोबारा सेवा में लेकर बेरोजगारों के साथ मजाक किया जा रहा है।

# महिलाओं से अच्छा वित्तीय प्रबंधन कोई नहीं कर सकता



जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत तीन दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने कहा कि यह प्रशिक्षण बैंक सखियों के लिए बेंचमार्क साबित होगा। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ साथ ई-कार्मस व डिजीटल लेन देन के बारे में बताया। कहा कि महिलाओं से अच्छा वितीय प्रबंधन और कोई नहीं कर सकता।

कार्यक्रम में जनपद के 9 ब्लॉकों की 41 समूह सदस्यों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के बाद ये महिलाएं बैंक और आवेदन कर्ता के बीच सेतु काम करेगी। इनको प्रतिमाह 3000 हजार मानदेय दिया जाएगा। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान और पंचायती राज हैदराबाद के रिर्सोस पर्सन जितेन्द्र यादव एवं ओपी खोखर ने महिलाओं को बैंक संबधी सीसीएल, ट्रम लोन, प्रधानमंत्री जीवनज्योति, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना के साथ साथ अन्य सभी विभागों के लोन संबंधी जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी डॉ. महेश, खण्ड विकास अधिकारी बीएस भण्डारी, प्रशिक्षण संचालक संजय पुरोहित सहित सभी ब्लॉक मिशन प्रबंधक मौजूद रहे।

# अखंड महायज्ञ 31 मई से

श्रीनगर गढ़वाल : देवलगढ़ स्थित सिद्धपीठ श्री राजराजेश्वरी मंदिर में 31 मई से पांच दिवसीय अखंड महायज्ञ का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम संयोजक अनूप थपलियाल, राजराजेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी कुंजिका प्रसाद उनियाल ने बताया कि 31 मई से 4 जून तक पांच दिवसीय अखंड महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पांच दिनों तक तक चलने वाला यह महायज्ञ निरंतर दिन रात संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक अनूप थपलियाल ने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में महायज्ञ में पहुंचकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। (एजेंसी)

## एसएसपी ने थानाध्यक्षों को दिए सत्यापन अभियान चलाने के आदेश

नई टिहरी : पुलिस लाइन चंबा में एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में एसएसपी ने आगामी जी 20 सम्मेलन में सुरक्षा के मद्देनजर सभी थानाध्यक्षों को गहन सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए। बेहतर काम करने वाले पुलिस के 13 कर्मचारियों को इम्पलाई आफ द मंथ घोषित कर उन्हें प्रशस्ति पत्र व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। मंगलवार को आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी ने इम्पलाई आफ द मंथ के रूप में एसआई जितेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल सुनील अरविंद, महिला कांस्टेबल अंबिका, कांस्टेबल दिनेश शर्मा, कांस्टेबल अमित रावत, महिला कांस्टेबल मेनका, महिला कांस्टेबल कल्पना, कांस्टेबल परमेश, कांस्टेबल नरेश तोमर, कांस्टेबल नीरज को सम्मानित किया। गोष्ठी में एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं, जांचों, शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण एवं न्यायालय से निर्गत आदेशिकाओं के तामील किये जाने को भी समुचित कार्यवाही करने को कहा।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

[illegible]

| टेण्डर संख्या | 51-DRM-MB-23-24 dt. 16.05.2023 | 52-DRM-MB-23-24 dt. 15.05.2023 | 53-DRM-MB-23-24 dt. 15.05.2023 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of sump well and soak pit for LHS at LC 23, 24, 25, 30 between KRJ-MTC section under ADEN/HPU | Provision of sump well and soak pit for LHS at LC 31, 32, 33, 34 between KRJ-MTC section under ADEN/HPU | Provision of sump well and soak pit for LHS at LC 35, 46, 48, 49, 51, between KRJ-MTC section under ADEN/HPU |
| टेण्डर क्लोजिंग दिनांक | 08.06.2023 | 08.06.2023 | 08.06.2023 |
| टेण्डर क्लोजिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,66,15,614.53 | 1,66,15,614.53 | 2,09,83,603.49 |
| धरोहर राशि | 2,34,100.00 | 2,34,100.00 | 2,55,000.00 |
| टेण्डर फार्म की लागत | शून्य | शून्य | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह | 06 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 26.05.2023 | 26.05.2023 | 26.05.2023 |

टेण्डर नं. DEN-IV/Publication/51-53/23 दिनांक 16.05.2023 1483/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर आम जनमानस को जागरूक करें



जयन्त प्रतिनिधि। रुद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। जिलाधिकारी ने सड़क से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपनी-अपनी सड़कों का रख-रखाव ठीक ढंग से करें, जिन सड़कों के किनारे मलवा पड़ा है उस मलबे को भी शीघ्रता से शीघ्र हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित मजिस्ट्रीयल जांच की कार्यवाही समय से सुनिश्चित कराई जाए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में आम जनमानस को जागरुक करें, ताकि कोई भी सड़क दुर्घटना तेज रफ्तार एवं शराब पीकर वाहन चलाने व बिना हेलमेट के न हो। इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार चालान करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए हैं कि जो नव निर्मित सड़कें तैयार की गई हैं उन सड़कों का सभी अधिकारी निरीक्षण करते हुए रोड पास करने की संस्तुति प्रदान की जाए, यदि किसी सड़क में कोई कमी है तो उसको तत्काल संबंधित को कमी को दूर करने के लिए सूचना उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी जखोली परमानंद राम, ऊखीमठ मनोज भट्ट, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई कमल सिंह सजवाण, जखोली ओम जी गुप्ता, एनएच श्रीनगर आशीष कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एनके ओझा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुशील कुमार कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## तहसील दिवस पर 42 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायत

नई टिहरी : नैनबाग में एसडीएम की अध्यक्षता में नैनबाग में तहसील दिवस आयोजित हुआ, तहसील दिवस में पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न शिकायतों को एसडीएम के समक्ष रखा। अधिकाशं शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। मंगलवार को नैनबाग के एसडीएम लक्ष्मीराज चौहान की अध्यक्षता में सरदार सिंह रावत राइंका नैनबाग सभागार में तहसील दिवस में फरियादियों ने 42 शिकायतें दर्ज करवाई। एसडीएम ने अधिकारियों को फरियादियों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिये। जिपंस कविता रौछैला ने नैनबाग में स्वास्थ्य सुविधाएं सुधारने, शिवांक कुंवर ने नैनबाग में पेयजल की सप्लाई सुचारु करने तथा टैकों की साफ सफाई और मरम्मत की शिकायत दर्ज करवाई।

# किसानों के हितों व उनके जीवन स्तर को उन्नत बनाने पर मंथन किया

नई टिहरी : भाजपा कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों के हितों व उनके जीवन स्तर को उन्नत बनाने पर जहां मंथन हुआ, वहीं आगामी लोकसभा व निकाय चुनावों को लेकर किसानों की भूमिका को मजबूत करने की रणनीती बनाई गई। किसानों से कृषि व उद्यान विभाग की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील कर कृषि योजनाओं की जानकारी विभागीय स्टाल लगाकर दी गई। कार्यसमिति को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह पुंडीर ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार किसानों के जीवन स्तर में सुधार के लिए उनकी आय में वृद्धि करने के लिए निरंतर प्रयास कर ही है। किसानों को सम्मान निधि देकर मदद दी जा रही है। किसानों के हितों को देखते हुए तमाम योजनाएं लागू की गई है। जिनका लाभ किसानों को तत्परता से लेना चाहिए। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह रावत और मोर्चे के प्रदेश मीडिया प्रभारी जगमोहन चंद ने कहा कि किसान देश का आधार है। इसलिए किसानों पर केंद्र व राज्य सरकार का पूरा फोकस है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में पूरा दम दिखाते हुए मोदी को फिर से पीएम बनाने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि भाजपा बूथ व शक्ति केंद्रों तक किसानों को मजबूत करने का काम कर रही है। कार्यसमिति में किसानों की समस्याओं पर गहनता से चर्चा कर उनके निस्तारण की ओर भाजपा तेजी से कदम बढ़ायेगी। सरकार को किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रेरित किया जायेगा। इस मौके पर किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष निहाल सिंह रावत, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणा, भाजपा महामंत्री उदय रावत, राजेंद्र जुयाल, विजय कठैत, शीशराम थपलियाल, जयेंद्र सिंह पंवार, विजय लक्ष्मी, अनीता पैन्यूली, लीला मखलोगा, विजय लक्ष्मी, मुकेश कैंतुरा सहित दर्जनों मौजूद रहे। (एजेंसी)

## अंडर-19 जिला क्रिकेट लीगः देव संस्कृति विवि, तनुष और आयुष क्रिकेट अकेडमी जीते

देहरादून। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन देहरादून की ओर से आयोजित अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में देव संस्कृति विश्वविद्यालय, तनुष क्रिकेट एकेडमी और आयुष क्रिकेट एकेडमी ने अपने अपने मुकाबले जीते। देहरादून में मंगलवार पहला लीग मैच डीआइएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर ए-3 स्पोर्ट्स और तनुष क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ। ए-3 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38 ओवरों में सभी विकेट खोकर 197 रन बनाए। इसमें शौकीन खान ने सर्वाधिक 67 रन का योगदान दिया। तनुष एकेडमी की ओर से हर्षवर्धन ने सर्वाधित तीन विकेट लिए। तनुष एकेडमी ने 24.1 ओवर में लक्ष्य हांसिल कर आठ विकेट से जीत दर्ज की। उत्कर्ष पांडेय ने 94 और उदय शंकर ने नाबाद 74 रनों का योगदान किया। आयुष क्रिकेट ग्रांउड में दूसरा लीग मैच आयुष क्रिकेट एकेडमी और सोशल बलूनी क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पाबौ

E-Mail ID- eecdpwdpaboo@gmail.com.eecdpab.pwduk@gov.in

पत्रांक सं0 896/12ए0सी0 दिनांक- 10/05/2023

## अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पाबौ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की शील्ड निविदा दिनांक 24.05.2023 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.05.2023 से 23.05.2023 किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 24.05.2023 अपरान्ह्न 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाली जा सकती हैं। निविदा दिनांक 25.05.2023 को अपरान्ह्न 03:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा विक्रय एवं प्राप्त करने वाले कार्यालयों के नाम :-

1. कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 12वां वृत्त लो0नि0वि0, पौड़ी। 2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0, पाबौ।
3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0 लो0नि0वि0, पौड़ी। 4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0 लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्षिक अनुरक्षरण/नवीनीकरण (वर्ष 2023-24) के अन्तर्गत पाबौ-सन्तुधार-नौगांवखाल-चौबट्टाखाल-चौरीखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 51 चै0 50/22, कि0मी0 53 चै0 52/20, कि0मी0 56 चै0 55/24 में कॉजवे का निर्माण कार्य। | 33500.00 | 1500+18% GST | 45 दिन | 6 माह | डी एवं उच्चतर मार्ग कार्य में पंजीकृत |
| 2 | वार्षिक अनुरक्षरण (वर्ष 2023-24) के अन्तर्गत विकासखण्ड थैलीसैंण के विभिन्न मोटर मार्गो पर झाड़ी कटान, स्कपर एवं नाली सफाई आदि का कार्य। | 7500.00 | 500+18% GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 3 | -तदैव- विकासखण्ड एकेश्वर के विभिन्न मोटर मार्गो पर झाड़ी कटान, स्कपर एवं नाली सफाई आदि का कार्य। | 7500.00 | 500+18% GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 4 | -तदैव- विकासखण्ड पाबौ के विभिन्न मोटर मार्गो पर झाड़ी कटान, स्कपर एवं नाली सफाई आदि का कार्य। | 7000.00 | 500+18% GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 5 | -तदैव- विकासखण्ड खिर्सू के विभिन्न मोटर मार्गो पर झाड़ी कटान, स्कपर एवं नाली सफाई आदि का कार्य। | 7000.00 | 500+18% GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |

1- निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन0एस0सी0, डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में, जो अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से बंधक हो, लगाना आवश्यक है।

2- निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 रू0 का स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीदी टिकट हो, वैधता की शर्तो के साथ लगाना अनिवार्य है, इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया गया जायेगा।

3- किसी भी निविदा को बिना पूर्व सूचना के निरस्तीकरण/स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।

4- निविदा की शर्ते जी0पी0डब्लू0 9 निविदा प्रपत्र एम0एफ0 69/70 एवं शासनादेश संख्या 2611/111(2)07-75 सा0 दिनांक 26.10.2007 के अनुसार होगी, निविदा की अन्य शर्ते/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।

नोटः- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 पाबौ

## सम्पादकीय

# ये नतीजे जो बताते हैं

अगर एक दूसरे प्रस्थान बिंदु से देखें, तो कहा जा सकता है कि महंगाई और अन्य आर्थिक समस्याओं, कुशासन और भ्रष्टाचार जैसे ठोस मुद्दों के बावजूद भाजपा अपने वोट आधार को बचाए रखने में लगभग सफल रही है। कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम से ना सिर्फ कांग्रेस, बल्कि पूरे भाजपा विरोधी खेमे का उत्साहित होना लाजिमी है। आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के अन्य नेताओं की हिंदुत्व को और उग्र रूप देने की कोशिश वहां कामयाब नहीं हो सकी। साथ ही पिछले तीन साल में वहां भाजपा सरकार ने जिस तरह से सांप्रदायिक उबाल को बनाए रखा, वह भी काम नहीं आया। इतना सब कुछ होने के बावजूद भाजपा के वोट प्रतिशत में मामूली-सी सेंध लग गई। लेकिन यहां इस हकीकत के प्रति भी विपक्ष को अवश्य आगाह रहना चाहिए कि यह सेंध मामूली ही है। अगर दूसरे प्रस्थान बिंदु से देखें, तो कहा जा सकता है कि महंगाई और अन्य आर्थिक समस्याओं, कुशासन और भ्रष्टाचार जैसे ठोस मुद्दों के बावजूद भाजपा अपना वोट आधार बचाए रखने में लगभग सफल रही है। इसका अर्थ यह है कि भाजपा ने अपने मुद्दों पर मतदाताओं के जिन हिस्सों को गोलबंद किया है, वह बाकी तमाम मसलों को दरकिनार कर पार्टी के साथ बने हुए हैं। ऐसा ही संकेत हाल में देश के अन्य हिस्सों में हुए तमाम चुनावों में भी मिला है। इसलिए कर्नाटक में जीत के उत्साह में यह सोच लेना अब देश में नैरेटिव बदल गया है और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने प्रतिकूल स्थितियां होंगी, गलत आकलन होगा। कम से कम यह तो जरूर कहा जा सकता है कि ऐसे आकलन को अभी सिर्फ जल्दबाजी या अति-उत्साह कहा जा सकता है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि शनिवार को ही उत्तर प्रदेश के दो विधानसभा उपचुनावों के साथ-सथ स्थानीय निकाय चुनावों के भी परिणाम भी आए। इनमें भाजपा गठबंधन को भारी जीत मिली। इसलिए सारे देश में सियासी माहौल बदल जाने की बात निराधार है। वैसे भी कर्नाटक में कांग्रेस एक मजबूत समर्थन आधार के साथ मैदान में उतरी थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी उसे भाजपा से लगभग 2.5 प्रतिशत वोट अधिक मिले थे। इस बार उसके वोटों में बढ़ोतरी जेडी (एस) की कीमत पर हुई। स्पष्ट है, उसे भाजपा का मुख्य प्रतिद्वंद्वी होने का लाभ मिला।

एक राजनीतिक है और दूसरा संवैधानिक और कानून से जुड़ा है। राजनीतिक रूप से देखें तो शिव सेना और भाजपा की सरकार पर मंडरा रहा खतरा टल गया है। एकनाथ शिंदे और शिव सेना के नेता इस पर खुशी मना सकते है क्योंकि शिंदे सहित 16 विधायकों की सदस्यता बच गई है। परंतु इससे राज्य में यथास्थिति बनी रहेगी, जो आगे की राजनीति में भाजपा के लिए नुकसानदेह हो सकती है। ध्यान रहे भाजपा को अंदाजा हो गया है कि एकनाथ शिंदे को भले उसने मुख्यमंत्री बना दिया है लेकिन लोकप्रिय समर्थन उद्धव ठाकरे के साथ है। शिव सैनिक ठाकरे परिवार के साथ हैं इसलिए शिंदे के साथ होने का भाजपा को ज्यादा लाभ नहीं होगा। तभी शिंदे को बदलने की चर्चा चल रही थी। माना जा रहा था कि अदालत के फैसले से शिंदे की विदाई हो जाएगी और उसके बाद नई सरकार में भाजपा अपना मुख्यमंत्री बना सकती है।

# अदालती फैसलों का अच्छा दिन !



अजीत द्विवेदी

गुरुवार 11, मई का दिन ऐतिहासिक अदालती फैसलों का दिन रहा। देश की सवोच्च अदालत ने संविधान की भावना का मान रखने वाले दो अहम फैसले दिए। दिल्ली सरकार और उप राज्यपाल के बीच अधिकारों को लेकर चल रहे विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिकारों को महत्वपूर्ण माना और बेहद अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि 'यह सुनिश्चित करना होगा कि राज्य का शासन केंद्र के हाथ में न चला जाएइ। यह बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी है, जो संविधान से बनाई गई संघीय व्यवस्था को मजबूत करने वाली है। पांच जजों की संविधान पीठ का दो टूक फैसला है कि उप राज्यपाल को चुनी हुई सरकार की सलाह पर काम करना होगा। दूसरा फैसला महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे सरकार के गिरने और शिव सेना के विधायकों की बगावत से जुड़ा था। उस मामले में भले सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा के समर्थन से सरकार चला रहे एकनाथ शिंदे और 15 अन्य विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया है और उद्धव ठाकरे सरकार को बहाल करने से इनकार कर दिया है। लेकिन राज्यपाल और स्पीकर दोनों के कामकाज को लेकर बेहद गंभीर टिप्पणी की है।

पहले दिल्ली सरकार से जुड़े फैसले की बात करते हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की चुनी हुई सरकार और केंद्र सरकार की ओर से नियुक्त उप राज्यपाल के बीच अधिकारों को लेकर चल रही खींचतान के मामले में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने जो फैसला सुनाया और जो टिप्पणियां की हैं वह आगे की राजनीति और लोकतांत्रिक व्यवस्था दोनों के लिए बहुत अहम हैं। पांच जजों की संविधान बेंच का फैसला खुद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने पढ़ा। उनकी दो टिप्पणियां गौरतलब हैं। पहली, केंद्र और राज्य दोनों के पास कानून बनाने का अधिकार है, लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाए कि केंद्र का इतना ज्यादा दखल न हो कि वह राज्य सरकार का काम अपने हाथ में ले ले। इससे संघीय ढांचा प्रभावित होगा। दूसरी, अगर किसी अफसर को ऐसा लगता है कि उन पर सरकार नियंत्रण नहीं कर सकती है, तो उनकी जिम्मेदारी घटेगी और कामकाज पर इसका असर पड़ेगा। उप राज्यपाल को दिल्ली सरकार की सलाह पर ही काम करना होगा।

इन दोनों टिप्पणियों को सिर्फ दिल्ली के संदर्भ में देखने की बजाय पूरे देश को ध्यान में रख कर देखने की जरूरत है। भारत में संघीय शासन व्यवस्था है, जिसमें पारंपरिक रूप से केंद्र ज्याद शक्तिशाली है लेकिन पिछले कुछ समय से राज्यों के कामकाज में केंद्र का दखल बढ़ा है और केंद्रीय सत्ता पहले से ज्यादा मजबूत हुई है। ऐसा कानूनी तौर पर हुआ है। भले सभी राज्यों की सहमति से हुआ हो लेकिन वस्तु व सेवा कर यानी जीएसटी की व्यवस्था भी राज्यों का अपने अधिकारों का समर्पण है, जिससे केंद्र को मजबूती मिली है। इसके अलावा चाहे बीएसएफ की जांच का दायरा राज्यों की सीमा में बढ़ाने का मामला हो या केंद्रीय एजेंसियों की जांच का मामला हो, दाखिला परीक्षाओं का मामला हो या कृषि से लेकर शिक्षा तक के समवर्ती सूची या राज्य सूची के विषयों पर केंद्र के कानून बनाने या पहले से चली आ रही व्यवस्था में बदलाव का मामला हो, हर जगह केंद्र की शक्ति बढ़ी है।

इसके अलावा विपक्ष के शासन वाले राज्यों के कामकाज में जिस तरह से राज्यपालों का दखल बढ़ा है और राजभवन से समानांतर सत्ता चलाने की प्रवृत्ति बढ़ी है वह भी देश के संघीय ढांचे के लिए अच्छी बात नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति से जुड़ा है लेकिन इसका व्यापक असर होगा। इससे चुनी हुई सरकारों का सम्मान बहाल होगा और राज्यों को संविधान से मिली स्वायत्तता की रक्षा होगी।

जहां तक महाराष्ट्र के मामले में आए फैसले का सवाल है तो उसके दो पहलू हैं।

एक राजनीतिक है और दूसरा संवैधानिक और कानून से जुड़ा है। राजनीतिक रूप से देखें तो शिव सेना और भाजपा की सरकार पर मंडरा रहा खतरा टल गया है। एकनाथ शिंदे और शिव सेना के नेता इस पर खुशी मना सकते है क्योंकि शिंदे सहित 16 विधायकों की सदस्यता बच गई है। परंतु इससे राज्य में यथास्थिति बनी रहेगी, जो आगे की राजनीति में भाजपा के लिए नुकसानदेह हो सकती है। ध्यान रहे भाजपा को अंदाजा हो गया है कि एकनाथ शिंदे को भले उसने मुख्यमंत्री बना दिया है लेकिन लोकप्रिय समर्थन उद्धव ठाकरे के साथ है। शिव सैनिक ठाकरे परिवार के साथ हैं इसलिए शिंदे के साथ होने का भाजपा को ज्यादा लाभ नहीं होगा। तभी शिंदे को बदलने की चर्चा चल रही थी। माना जा रहा था कि अदालत के फैसले से शिंदे की विदाई हो जाएगी और उसके बाद नई सरकार में भाजपा अपना मुख्यमंत्री बना सकती है। यह भी चर्चा थी कि शिंदे की सदस्यता गई तो अजित पवार के साथ एनसीपी के कुछ विधायक भाजपा का समर्थन करेंगे। यथास्थिति बने रहने से इन सबकी संभावना खत्म हो गई है या कम हो गई।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राजनीति पर होने वाले असर से ज्यादा अहम राज्यपाल और स्पीकर के कामकाज पर दिया गया आदेश है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तत्कालीन राज्यपाल का विधानसभा का सत्र बुलाने का आदेश कानून सम्मत नहीं था। अदालत ने अपने आदेश में कहा है- तब के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का विधानसभा का सत्र बुलाना, जिसकी वजह से अंततः उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी की सरकार गिरी, कानून सम्मत नहीं था। सवोच्च अदालत ने इसे गैरकानून नहीं कहा लेकिन कानून सम्मत नहीं होने का मतलब भी भी वही होता है। अदालत ने यह भी कहा कि राज्यपाल के पास कोई ऐसा दस्तावेज नहीं था, जिससे लगे कि सरकार गिरने वाली है, उनको जो चि़ी दी गई थी उसमें भी नहीं कहा गया था सरकार बहुमत गंवा चुकी है। यह राज्यपाल के कामकाज पर एक बड़ी टिप्पणी है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या किसी खास मकसद से राज्यपाल ने विधानसभा का सत्र बुलाया?

इसी तरह सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर के कामकाज पर भी गंभीर टिप्पणी की है और विधायक दल व राजनीतिक दल को एक मानने की सोच पर सवालिया निशान लगाया। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने कहा है कि शिंदे गुट के भरत गोगावले को शिव सेना का चीफ व्हिप नियुक्त करने का स्पीकर का फैसला 'अवैधइ था। अदालत ने कहा कि स्पीकर ने ऐसा माना कि विधायक दल ही व्हिप नियुक्त कर सकता है, राजनीतिक दल के गर्भनाल (अम्बिलिकल कॉर्ड) को तोड़ देने जैसा है। इस लिहाज से यह फैसला आने वाले समय में नजीर बनेगा। अदालत का यह कहना मामूली नहीं है कि स्पीकर को सिर्फ राजनीतिक दल की ओर से नियुक्त व्यक्ति को ही व्हिप के तौर पर मान्यता देनी चाहिए।

सो, भले फैसला शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट के खिलाफ गया हो, भले सुप्रीम कोर्ट ने कहा हो कि वह उद्धव ठाकरे की सरकार बहाल नहीं कर सकती है क्योंकि उन्होंने स्वैच्छिक रूप से इस्तीफा दे दिया हो, भले सवोच्च अदालत ने शिंदे गुट के 16 विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया हो लेकिन इसके बावजूद यह फैसला बहुत महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि राज्यपाल द्वारा विधानसभा का सत्र बुला कर और स्पीकर द्वारा शिंदे गुट के नेता को व्हिप की मान्यता देकर ऐसी स्थितियां पैदा की गईं, जिनसे उद्धव ठाकरे की सरकार गिरी और ये दोनों फैसले 'कानून सम्मत नहीं थेइ या 'अवैधइ थे।

# नए फुटवियर से पैरों में हो गए हैं छाले? इन 5 घरेलू नुस्खों से पाए राहत



नए फुटवियर पहनने, अधिक चलने या फिर गलत साइज के जूते पहनने के कारण पैरों में छाले हो सकते हैं और इस स्थिति को शू बाइट के नाम से जाना जाता है। यह एक कष्टदायक समस्या है क्योंकि इसकी वजह से प्रभावित हिस्से पर असहनीय दर्द और सूजन के साथ-साथ चलने में परेशानी होने लगती है। आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो इस समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।

**बर्फ का करें इस्तेमाल**

पैरों के छालों के इलाज के लिए बर्फ एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा है। यह प्रभावित क्षेत्र के आसपास की सूजन को कम करती है और दर्द को कम करने में भी मदद करती है। आपको बस इतना करना है कि कपड़े का एक साफ टुकड़ा लें और उस पर बर्फ के टुकड़े को लपेटें, फिर उसे थोड़ी देर के लिए प्रभावित हिस्से पर और उसके आसपास धीरे से लगाएं। आप इस उपाय को कई बार दोहरा सकते हैं।

**एलोवेरा आएगा काम**

एलोवेरा एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर होता है, जो पैरों के छालों को ठीक करने के साथ ही त्वचा को आराम देने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए ताजा एलोवेरा जेल को प्रभावित जगह पर लगाएं। यह उपचार प्रक्रिया को तेज करने सहित सूजन को कम कर सकता है। अगर आप छालों की जगह मुंहासों से परेशान हैं तो एलोवेरा का इन तरीकों से इस्तेमाल करें।

**टूथपेस्ट भी है प्रभावी**

सिर्फ आपके मौखिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, टूथपेस्ट का इस्तेमाल पैरों के छालों के इलाज के लिए भी किया जा सकता है। लाभ के लिए टूथपेस्ट का थोड़ा-सा हिस्सा निकाल लें और इसे प्रभावित जगह पर लगाएं। इसे कुछ देर के लिए लगा रहने दें, फिर हल्के गीले कपड़े से इसे पोंछ लें। इसमें बेकिंग सोडा, मेन्थॉल और सोडियम पेरोक्साइड होते हैं, जो छालों को जल्दी ठीक कर सकते हैं।

**विच हेजल है कारगर**

विच हेजल में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं और इसमें टैनिन की अच्छी मात्रा होती है, जो पैरों में पड़े छालों को ठीक करने मे मदद करता है। इसके लिए आप विच हेजल की छाल के टुकड़ों को पानी में भिगोएं, फिर इस पानी में सूती कपड़े या रूई को भिगोकर इससे छाले से प्रभावित जगह को पोछें। दिन में 2 से 3 बार ऐसा करने से पैरों के छाले ठीक हो सकते हैं।

**ग्रीन टी से मिलेगी राहत**

ग्रीन टी में एंटी-ऑक्सीडेंट के साथ-साथ एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो पैरों के छालों के दर्द को कम करने और सूजन से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए गर्म पानी में थोड़ा-सा बेकिंग सोड़ा मिलाएं, फिर इसमें एक ग्रीन टी बैग डुबोएं। इसके बाद टी बैग को ठंडा करने के लिए फ्रिज में रख दें। अब इस बैग को 15-20 मिनट तक छाले से प्रभावित जगह पर लगाएं।

# पंजाब में अगली बार किसकी सरकार ?



अकाली दल को लगता था उसकी पीठ से बोझ उतर गया और भाजपा को लगा कि उसके विकास के रास्ते की दीवार हट गई। सचमुच इसका क्या परिणाम हुआ, यह 2022 के विधानसभा चुनावों से पता चला जब भारतीय जनता पार्टी को दो और अकाली दल को महज तीन साटों पर ही संतोष करना पड़ा। आम आदमी पार्टी ने 118 सीटों वाली विधानसभा में 92 सीटें झटक लीं। लेकिन लगता है आम आदमी पार्टी की जीत पंजाब में विकल्पहीनता की स्थिति का परिणाम था। इसका सबूत चुनावों के तुरन्त बाद, संगरूर लोकसभा की सीट के चुनाव परिणामों से मिला।

अजय दीक्षित

पंजाब में भाजपा उहापोह की स्थिति में है। अकाली दल से समझौते से पूर्व जनसंघ/भारतीय जनता पार्टी पंजाब में 0 से लेकर 9 विधानसभा सीटों तक सिमटी हुई थी। आपात स्थिति के उपरान्त 1977 में हुए चुनावों में भी जब जनता पार्टी और अकाली दल ने मिल कर चुनाव लड़ा था तो जनता पार्टी में जनसंघ ग्रुप को विधानसभा में महज 12 सीटें मिली थी। कालान्तर में जब भाजपा और अकाली दल ने आपस में मिल कर चुनाव लडने् का मन बना लिया तो भाजपा को 12 से 18 के बीच सीटें मिलने लगी थीं। इसमें कोई शक नहीं कि यह राजनीतिक सुविधा का समझौता था। भाजपा ने मान लिया था कि वह पंजाब में हिन्दुओं के एक तबके की पार्टी है और अकाली दल ने मान लिया था कि वह मोटे तौर पर पंजाब के जट्ट/सिख की पार्टी है। दोनों पार्टियों के लिए जरूरी था कि वे अपने प्रभाव क्षेत्र को बढ़ा कर पूरे पंजाबियों की पार्टी बनने की कोशिश करतीं । अन्यथा उनकी स्थिति पंजाब की राजनीति में दबाव समूह से आगे नहीं बढ़ पाएगी। अकाली दल का प्रभाव क्षेत्र यकीनन भाजपा से ज्यादा था, लेकिन वह समस्त पंजाबियों की पार्टी न होकर जाटों के एक हिस्से और कुछ सीमा तक खत्री सिखों के एक हिस्से की पार्टी मात्र ही थी। लेकिन भारतीय जनता पार्टी का प्रभाव क्षेत्र अकाली दल से भी कम था। इस स्थिति में दोनों पार्टियों के पास सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने का एक ही रास्ता था, या तो अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ा कर समस्त पंजाबियों की पार्टी बनती या फिर सत्ता तक पहुंचने का कोई बाईपास ही तलाशतीं। दोनों पार्टियों ने दूसरे रास्ते को ही सरल व प्रभावकारी समझा। उन्होंने आपस में समझौता कर लिया और सत्ता पर कब्जा कर लिया। यकीनन इस राजनीतिक प्रयोग में भाजपा की हैसियत 'छोटे भाई' की ही होती। यह प्रयोग दो-तीन दशक तक चला। लेकिन इस प्रयोग में दोनों पक्ष ही असन्तुष्ट दिखाई देने लगे। भाजपा के कार्यकर्ताओं को यह लगने लगा था कि अकाली दल से समझौते के कारण पार्टी का विस्तार रुक गया है, जबकि यह सोच यथार्थ पर आधारित नहीं थी। समझौते से पूर्व के तीन दशकों में भी पार्टी पूरे पंजाब, खासकर राज्य का हृदय कहे जाने वाले मालवा क्षेत्र में तो अपना प्रभाव कहीं भी बना नहीं सकी थी। अकाली दल को यह भ्रम होने लगा था कि अब पंजाब के अन्य समुदायों में भी उसने अपना संगठन खड़ा कर लिया है और अपने बलबूते वह पंजाब में अपनी सरकार बना सकता है। इसलिए किसान आन्दोलन के बहाने उसने भाजपा से अपना पुराना गठबन्धन तोड़ लिया। लेकिन इससे दोनों पक्ष ही प्रसन्न दिखाई दे रहे थे।

अकाली दल को लगता था उसकी पीठ से बोझ उतर गया और भाजपा को लगा कि उसके विकास के रास्ते की दीवार हट गई। सचमुच इसका क्या परिणाम हुआ, यह 2022 के विधानसभा चुनावों से पता चला जब भारतीय जनता पार्टी को दो और अकाली दल को महज तीन साटों पर ही संतोष करना पड़ा। आम आदमी पार्टी ने 118 सीटों वाली विधानसभा में 92 सीटें झटक लीं। लेकिन लगता है आम आदमी पार्टी की जीत पंजाब में विकल्पहीनता की स्थिति का परिणाम था। इसका सबूत चुनावों के तुरन्त बाद, संगरूर लोकसभा की सीट के चुनाव परिणामों से मिला। ह सीट मुख्यमंत्री भगवन्त सिंह मान के त्यागपत्र से खाली हुई थी। भगवन्त सिंह दो बार निरन्तर यह सीट लाखों के मार्जिन से जीत चुके थे। लेकिन उनके मुख्यमंत्री बनने के तुरन्त बाद आम आदमी पार्टी यह सीट हार गई। जीत अलगाववाद के समर्थक सिमरनजीत सिंह की पार्टी अकाली दल (अमृतसर) की हुई।

प्रत्याशी भी सिमरनजीत सिंह स्वयं थे। पंजाब में इस नई राजनीतिक स्थिति ने प्रदेश की राजनीति की दिशा बदल दी। अकाली दल को लगा कि उसे अपने पुराने अड्डे पर वापस लौट जाना चाहिए। इसलिए वह पंथ के हितों की रक्षा वाले अपने पुराने स्वरूप की ओर लौटने लगी। अभी तक उसकी कोशिश थी कि भारतीय जनता पार्टी से छुटकारा पा लिया जाए और स्वयं को पंजाबियों की पार्टी के तौर पर स्थापित किया जाए।

लेकिन अब वह वापस अपने पुराने घर की ओर चल पड़ी। लेकिन भाजपा इस स्थिति में कौनसा रास्ता अख्तियार करे? क्या वह भी अपने उस पुराने घरौंदे में सिमटी रहे या फिर वह भी पूरे पंजाबियों की पार्टी बनने के रास्ते पर चल निकले। पार्टी के भीतर ही एक समूह पुराने घरौंदे को ही सुरक्षित मानता था। से लगता है कि सारे पंजाबियों की पार्टी बनने के चक्कर में वह अपना सुरक्षित जनाधार भी गंवा लेगी। लेकिन लगता है नरेन्द्र मोदी ने दूसरे रास्ते को अधिमान दिया है। भारतीय जनता पार्टी का पंजाब के हर फिरके में विस्तार किया जाए। यही कारण है कि पार्टी ने अपने दरवाजे पूरी तरह खोल दिए। ऐसा नहीं कि ये दरवाजे पहले बन्द थे । यही कारण है कि कांग्रेस और अकाली दल से टूट-टूटकर अनेक लोग भाजपा में आने लगे। आने वालों में उन समुदायों मसलन जट्ट समुदाय और अनुसूचित समुदाय के लोग ज्यादा संख्या में आने लगे हैं। इससे पूर्व इन्हीं समुदायों के लोग भाजपा में आने में संकोच करते थे।

ऐसा नहीं है कि पहले इन समुदायों के लोग भाजपा में नहीं थे, लेकिन प्रायः ऐसे लोग थे जिनका अपने समुदायों में जनाधार ज्यादा नहीं था। लेकिन अब स्थिति बदलने लगी थी । इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा समस्त पंजाबियों की पार्टी बनने की ओर अग्रसर होने लगी। जाहिर था इससे पुराने लोगों में रोष भी होता ।

यही कारण है कि पार्टी के भीतर नए आने वालों की जन्म कुंडलियां खंगालने का काम शुरू होने लगा। लेकिन प्रेम चन्द ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि भूख में साग पात सभी रुचिकर होता है, लेकिन पेट भर जाने पर चुनने की सुविधा ली जा सकती है। अभी तो भारतीय जनता पार्टी को अपनी स्वयं की निर्मित चारदीवारी से बाहर निकल कर समस्त पंजाबियों की प्रतिनिधि राजनीतिक पार्टी बनने की ओर अग्रसर होना होगा ।

# खडग़े की सत्ता मजबूत होगी




कर्नाटक की चुनावी जीत का सबसे बड़ा फायदा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े को होगा। पार्टी में उनकी सत्ता मजबूत होगी। कांग्रेस उनके गृह प्रदेश कर्नाटक में चुनाव जीती है और बड़े शानदार तरीके से जीती है। इस जीत में उनका योगदान अहम है। 80 साल की उम्र के बावजूद खडग़े ने पूरे राज्य में सभाएं कीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सबसे आक्रमक प्रचार खडग़े ने किया। उन्होंने अपने को कन्नड धरतीपुत्र बता कर वोट मांगा। अपनी पहचान पर वे दलित वोट कांग्रेस के साथ जोडने् में सफल रहे। खडग़े ने अपनी पृष्ठभूमि का बार बार जिक्र किया और पिछड़े, वंचितों को यकीन दिलाया कि उनके हितों का कांग्रेस ख्याल रखेगी।

कर्नाटक चुनाव में हिंदुत्व का या सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का मुद्दा ज्यादा सफल नहीं हुआ तो उसका एक बड़ा कारण यह था कि चुनाव के शुरुआत में ही कांग्रेस ने जातीय जनगणना और 'जितनी आबादी, उतना हकइ का नारा दे दिया था।

बताया जा रहा है कि पार्टी को इस लाइन पर लाने में खडग़े की अहम भूमिका थी। बिहार के मुख्मंत्री नीतीश कुमार के साथ मुलाकात में इस पर चर्चा हुई थी, जिसमें राहुल गांधी पहले बहुत इंटरेस्टेड नहीं थे। लेकिन खडग़े ने उनको इसके फायदे समझाए और नतीजा सबके सामने है।

खडग़े की टीम ने भी कर्नाटक के चुनाव में पूरी मेहनत की। उनके साथ नियुक्त किए गए चार समन्वयकों में से कम से कम तीन कर्नाटक में डेरा डाले रहे। राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन का गृह प्रदेश है कर्नाटक। उनके साथ साथ गुरदीप सप्पल और प्रणब झा लगातार कर्नाटक में बने रहे और खडग़े की रैलियों, भाषणों की योजना बनाई। मीडिया और सोशल मीडिया में इसे पर्याप्त प्रचार मिले इसका भी बंदोबस्त किया। उनके कन्नड में दिए भाषण का हिंदी और अंग्रेजी अनुवाद भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहुंचाया गया। एक तरह से खडग़े की टीम ने उनको नरेंद्र मोदी के मुकाबले खड़ा किया क्योंकि बाकी नेता सिर्फ स्थानीय मुद्दों पर बोलते रहे।

बहरहाल, कर्नाटक की जीत का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि खडग़े अपनी पसंद से अपनी टीम बनाएंगे। वैसे भी कहा जा रहा है कि राहुल गांधी या सोनिया गांधी उसमें कोई दखल नहीं दे रहे हैं। फिर भी कर्नाटक की भारी भरकम जीत से खडग़े का खुद का भी आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है। दूसरा फायदा यह होगा कि कांग्रेस की ओर से खडग़े ज्यादा अधिकारपूर्वक विपक्षी गठबंधन की बात कर पाएंगे। कर्नाटक की जीत ने उनका कद देश के किसी भी प्रादेशिक क्षत्रप से ऊंचा या कम से कम उसके बराबर जरूर कर दिया है।

तीसरा फायदा यह होगा कि वे विपक्षी राजनीति की धुरी बन सकते हैं। उनकी कमान में कांग्रेस जीती है, वे छह दशक का अनुभव रखने वाले नेता हैं, दलित समुदाय से आते हैं और बेहद गरीब परिवार से भी आते हैं। देश का संभवतः कोई दूसरा विपक्षी नेता ऐसा नहीं है। सो, मोदी के मुकाबले खडग़े को आसानी से खड़ा किया जा सकता है।

## विधायक बोले – हर काम के पैसे ले रहे हो बाप का राज है

**राजगढ़,एजेंसी।** पूरा सिस्टम मैं भी समझ रहा हूं, मैं भी समझता हूं। पर कम से कम अति तो मत करो। क्या अति करने के लिए तुम लोगों को बैठाया गया है। क्या अपने बाप का राज, समझ रखा है, सब लोगों ने। शासन को बदनाम कर रहे हो तुम लोग। क्यों नहीं देखते हो आप। कमा कमा कर ले जाते हो और हम लोग परेशान हो रहे हैं। किसने दे दी यह भ्रष्टाचार करने की छूट। यह बात ब्यावरा से कांग्रेस विधायक रामचंद्र दांगी ने नरसिंहगढ़ जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर जनपद सीईओ राजीव मिश्रा से कही, जिसका एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। बताया जाता है कि विधायक दांगी को नरसिंगढ़ जनपद पंचायत कार्यालय से किसी ने फोन कर सूचना दी थी कि यहां हर कार्य के पैसे लिए जा रहे हैं। छोटे–छोटे काम भी बिना पैसो के नहीं किए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर विधयक आचानक जनपद पंचायत कार्यालय जा पहुंचे और जनपद सीईओ को जमकर खरीखोटी सुनाई।

## न्यूजीलैंड में बड़ा हादसा : चार मंजिला हॉस्टल में लगी आग से 10 लोगों की दर्दनाक मौत

**वेलिंगटन , एजेंसी।** न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन में एक चार मंजिला छात्रावास की इमारत में रात में लगी आग में 10 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोगों के लापता होने की आशंका है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि सेंट्रल वेलिंगटन में एडिलेड रोड पर लोफर्स लॉज हॉस्टल में सोमवार –मंगलवार की आधी रात बाद 12.30 बजे आग लग गयी। आग सबसे ऊपरी मंजिल से शुरू हुई। पुलिस के प्रारंभिक आकलन के अनुसार फिलहाल मृतकों की सटीक संख्या के बारे में नहीं बताया जा सकता लेकिन अनुमान है कि मौतों की संख्या 10 है। पुलिस के अनुसार कुल 52 लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया और कम से कम पांच को छत से बचाया गया, लेकिन अन्य का पता नहीं चल पाया। पांच लोगों को अस्पताल भेजा गया, जिनमें दो की हालत गंभीर है। दमकल और आपात विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि इमारत में करीब 90 लोग रह रहे थे और लोगों को निकालने के बाद भी करीब 30 लोगों का पता नहीं चल पाया है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने कहा कि और मौतें हो सकती हैं।

## दिल्ली–एनसीआर से लेकर पटना तक 9 जगहों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को नौकरी के लिए जमीन घोटाले की जांच के सिलसिले में देश भर में राजद प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी प्रेम चंद गुप्ता, पार्टी विधायक किरण देवी और उनके पति अरुण यादव के आवासों पर छापेमारी की। इस घोटाले में कथित तौर पर पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्य शामिल हैं। दिल्ली–एनसीआर, नोएडा, गुरुग्राम, पटना, भोजपुर और आरा सहित विभिन्न 9 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।सीबीआई ने अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। सीबीआई ने तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री लालू यादव (2004–2009), उनकी पत्नी राबड़ी देवी, दो बेटियों और 15 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, इसमें अज्ञात लोक सेवक और निजी व्यक्ति शामिल थे। अधिकारी ने कहा, 'उस अवधि के दौरान यादव ने रेलवे के विभिन्न जोन में समूह 'डीइ पदों पर स्थानापन्न की नियुक्ति के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर जमीन–जायदाद के हस्तांतरण के रूप में आर्थिक लाभ प्राप्त किया था।

# तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा– द केरल स्टोरी पर हमने बैन नहीं लगाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 'द केरल स्टोरी' के फिल्म निर्माताओं ने जानबूझकर भ्रामक बयान दिए हैं कि सरकार ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाया है, जबकि दर्शकों की खराब प्रतिक्रिया के कारण सिनेमाघरों ने ही फिल्म का प्रदर्शन बंद कर दिया है।




तमिलनाडु द्वारा दायर एक हलफनामे में कहा गया है, "दर्शकों की खराब प्रतिक्रिया के कारण प्रदर्शकों ने खुद फिल्म की स्क्रीनिंग रोक दी है और सरकार सिनेमाघरों को सुरक्षा प्रदान करने के अलावा फिल्म के लिए दर्शकों की संख्या बढ़ाने के लिए कुछ नहीं कर सकती है।"

शीर्ष अदालत ने पहले तमिलनाडु सरकार से फिल्म निर्माताओं की याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सरकार ने राज्य में फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया है।

हलफनामा दायर करते हुए, राज्य सरकार ने कहा कि थिएटर मालिकों ने अभिनेताओं के खराब प्रदर्शन/फिल्म के लिए खराब प्रतिक्रिया या फिल्म में प्रसिद्ध अभिनेताओं की कमी के कारण सात मई को स्वेच्छा से फिल्म की स्क्रीनिंग बंद कर दी थी।तमिलनाडु सरकार ने फिल्म निर्माताओं के आरोपों का खंडन किया कि राज्य ने फिल्म की रिलीज के संबंध में 'छाया प्रतिबंध' लगाया था या 'अलर्ट' जारी किया था, जिसके कारण राज्य के सिनेमाघरों ने फिल्म को वापस ले लिया था। राज्य सरकार ने कहा कि फिल्म को 19 मल्टीप्लेक्स में रिलीज किया गया था और फिल्म निर्माताओं ने यह दिखाने के लिए कोई दस्तावेज पेश नहीं किया है कि राज्य ने फिल्म की स्क्रीनिंग बंद कर दी है।

हलफनामे में कहा गया है कि राज्य सरकार ने वास्तव में प्रत्येक मल्टीप्लेक्स में अधिक पुलिस बल तैनात किया ताकि सिनेमा देखने वाले बिना किसी कानून और व्यवस्था के मुद्दों के फिल्म देख सकें।25 डीएसपी सहित 965 से अधिक पुलिसकर्मियों को 21 मूवी थिएटरों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था, जिन्होंने फिल्म की स्क्रीनिंग की थी।शीर्ष अदालत में निर्माताओं ने यह भी आरोप लगाया कि फिल्म तमिलनाडु में 'छाया' प्रतिबंध का सामना कर रही है और दक्षिणी राज्य में फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए सुरक्षा की मांग की।

इससे पहले, शीर्ष अदालत ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने पर पश्चिम बंगाल सरकार से सवाल किया और कहा कि फिल्म देश के विभिन्न हिस्सों में समान जनसांख्यिकीय प्रोफाइल के साथ चल रही है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने कहा, "फिल्म पूरे देश में रिलीज हो रही है और पश्चिम बंगाल सरकार को इसे क्यों नहीं चलने देना चाहिए।"

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'घृणा और हिंसा की किसी भी घटना से बचने और राज्य में शांति बनाए रखने के लिए' राज्य में फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है।

निर्माताओं ने तर्क दिया कि राज्य सरकार के पास ऐसी फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की कोई शक्ति नहीं है, जिसे केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा सार्वजनिक रूप से देखने के लिए प्रमाणित किया गया हो।

फिल्म निर्माताओं की याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार फिल्म के प्रदर्शन को रोकने के लिए कानून और व्यवस्था के मुद्दों का हवाला नहीं दे सकती है। इससे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।

## पुलिस को देखते ही कोर्ट के अंदर भागे इमरान खान के करीबी फवाद चौधरी

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर मंगलवार को नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के नेता फवाद चौधरी अपनी रिहाई के बाद अदालत परिसर के अंदर भागते नजर आए। दरअसल, जैसे ही एचसी ने पीटीआई नेता की रिहाई का आदेश दिया, वह कोर्ट परिसर से बाहर आए। फवाद चौधरी अपनी सफेद एसयूवी में बैठ तो गए, मगर इसी बीच उनकी नजर अदालत के बाहर तैनात पुलिस टीम पर पड़ी। यह देखते ही उन्होंने जल्दी से कार का दरवाजा खोला और दोड़कर कोर्ट के अंदर घुस गए।

पुलिस कोर्ट के बाहर चौधरी को एक अन्य मामले में गिरफ्तार करने पहुंची थी। इसके कुछ ही समय बाद पीटीआई की ओर से ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया गया। इसमें फवाद चौधरी को वकीलों के साथ एचसी के अंदर जाते हुए देखा जा सकता है। फवाद को पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के अन्य नेताओं के साथ आगजनी और हिंसक विरोध प्रदर्शन के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, इन पर आरोप है कि इन्होंने सोची–समझी रणनीति के तहत शांति को खतरे में डालने का काम किया। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के बाहर पाकिस्तानी रेंजरों की ओर से इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद विरोध–प्रदर्शन के दौरान यह हिंसा हुई थी।

दूसरी ओर, लाहौर हाई कोर्ट ने जमानत की अपील वाली इमरान खान की याचिका पर मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। पिछले सप्ताह इमरान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों की ओर से कई गई हिंसा के मामले में उनके खिलाफ दर्ज मामलों के खिलाफ याचिका दायर की गई है।

## ममता बनर्जी ने 2024 में कांग्रेस को सशर्त समर्थन देने की पेशकश की, राज्य कांग्रेस ने किया इन्कार

**कोलकाता ,(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन राज्यों में कांग्रेस को समर्थन देने की पेशकश की, जहां कांग्रेस मजबूत है, बशर्ते राज्य में कांग्रेस की तरह उनकी तृणमूल कांग्रेस को भी समर्थन मिले। हालांकि, राज्य कांग्रेस नेतृत्व ने अपने अंत से प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है और कहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के प्रभाव को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार करने में मुख्यमंत्री की अनिच्छा वास्तव में कांग्रेस के बारे में उनकी वास्तविक धारणा को मान्य करती है।

ममता ने कहा, शुरुआत से मैं कह रही थी कि संबंधित क्षेत्रों में ताकत रखने वाले दलों को वहां सीधे भाजपा का मुकाबला करना चाहिए .. जैसे दिल्ली में आप, बिहार में राजद–जद–यू, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और तमिलनाडु में द्रमुक–कांग्रेस और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस। हमने कर्नाटक में कांग्रेस का समर्थन किया था, अब उन्हें पश्चिम बंगाल में भी हमारे साथ वैसा ही करना चाहिए। यह सही नहीं है कि कर्नाटक में वे हमारे समर्थन का आनंद लेंगे और पश्चिम बंगाल में हमारा विरोध करेंगे।

हालांकि, राज्य कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कर्नाटक में कांग्रेस को समर्थन देने के उनके दावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया।

चौधरी ने कहा, वह कर्नाटक में भाजपा को वोट नहीं देने का नारा बुलंद करने का दावा कर रही हैं। लेकिन उन्होंने एक बार भी कर्नाटक के लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की? पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

शनिवार को कर्नाटक चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री ने एक ट्विटर संदेश के साथ–साथ मीडियाकर्मियों को दिए अपने बयानों के माध्यम से कर्नाटक के लोगों को परिणामों के लिए बधाई दी। हालांकि जब मीडियाकर्मियों ने उनसे इस मामले में सवाल किया तब भी वह कांग्रेस को लेकर चुप रहीं।उन्होंने कहा, मुझे जो कुछ कहना था मैंने कह दिया है। चौधरी ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा कि तृणमूल वास्तव में एकजुट विपक्षी गठबंधन के खिलाफ है। उन्होंने कहा, उनकी (ममता बनर्जी की) पार्टी के सांसदों ने उस समय मतदान नहीं किया, जब हमने उपराष्ट्रपति के चुनाव में जगदीप धनखड़ के खिलाफ एकजुट विपक्षी उम्मीदवार को मैदान में उतारा। तृणमूल भी संसद के भीतर किसी भी सदन में समन्वय के प्रति अनिच्छुक है।

00

## सडक़ निर्माण में हो रही देरी, राज्यमंत्री ने अधिकारियों को किया जनता के समक्ष पेश

**पिहोवा (एजेंसी)।** हरियाणा के प्रिंटिंग व स्टेशनरी मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि इस्माईलाबाद के बीचों–बीच गुजरने वाली सडक़ निर्माण को लेकर हो रही कोताही में अब अधिकारियों पर गाज गिरने वाली है। राज्य मंत्री ने अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई और उन्हें दुकानदारों के आमने सामने बिठा दिया। जिसके बाद दुकानदारों ने जमकर अधिकारियों से सवाल–जवाब किया। दुकानदार ने कहा कि सरकार अपना काम समय पर कर रही है। लेकिन अधिकारियों के ढीले रवैए के कारण उनका कारोबार ठप हो रहा है। पिछले लंबे समय से सडक़ को उखाड़ कर छोड़ दिया गया। उसके बाद एक विभाग से दूसरे विभाग पर जिम्मेदारी डाल कर पल्ला झाड़ा जा रहा है। जिससे उनकी दुकानदारी ठप होकर रह गई है।

दुकानदारों के आग्रह पर राज्य मंत्री संदीप सिंह ने अधिकारियों को बैठक में बुलाकर दुकानदारों के सामने कर दिया।

## भारत में ऑनलाइन वैक्सीन सर्टिफिकेट और गूगल के सीईओ को जेब में रखनी पड़ती है हार्डकॉपी : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शिमला में एक रोजगार मेला में भाग लिया। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने अपनी सरकार द्वारा किये गए कार्यों की चर्चा करते हुए जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमें भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है।

वहीं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत में डिजिटल सिस्टम तेजी से बढ़ता जा रहा है। देश में कोविड–19 के टीकाकरण का सर्टिफिकेट सभी को उनके मोबाइल फोन पर ऑनलाइन मुहैया कराया गया है। दुनिया में किसी भी देश में ऐसा नहीं हो सका है। ठाकुर ने कहा कि गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई मुझसे दिल्ली में एक कार्यक्रम में मिले और उन्होंने अपनी जेब से एक कागज निकाला और कहा कि मुझे अपने वैक्सीन



सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी अपने पास रखनी है। लेकिन भारत में यहां तक कि गरीबों के पास भी उनके फोन पर उनका वैक्सीन सर्टिफिकेट होता है। कोई भी देश ऐसा नहीं कर पाया है। हमें इस पर गर्व होना चाहिए।

ठाकुर ने कहा कि हमें भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है। सरकार की उपलब्धियों को सामने रखते हुए अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल का जल का कनेक्शन और महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार की कई योजनाओं में किए गए कामों को गिनाया। ठाकुर ने कहा कि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के सुझावों को पीएम नरेंद्र मोदी बहुत गंभीरता से लेते हैं और इस पर विचार करते हैं कि हम क्या–क्या कर सकते हैं। सरकार की कोशिशों से ही गैस सिलेंडरों को घर–घर पहुंचाया जा सका।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी की सरकार ने जमीनी स्तर पर 9.60 करोड़ गैस कनेक्शन देने का काम किया। इससे महिलाओं को राहत मिली। सरकार ने 3.5 करोड़ पक्के मकान बनाकर गरीबों को दिए। जिसमें से 78 फीसदी रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर की गई। केवल 22 फीसदी रजिस्ट्री ज्वाइंट एकाउंट में की गई।

इसी तरह सरकार ने 11.60 करोड़ नल के कनेक्शन घरों में मुहैया कराए। इससे महिलाओं को बाहर जाकर पानी भरने की मुसीबत से काफी हद तक छुटकारा मिला।

## दिन निकलते ही डबल मर्डर की घटना से मेरठ में मचा हड़कंप

**मेरठ , एजेंसी।** थाना नौंचदी क्षेत्र के शास्त्री नगर के सैक्टर छह में एक मकान में दंपित्त की गला रेत कर हत्या कर दी गयी। दोनो के शव कमरे में खुन से लथपथ मिले। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के आलाधिकारी घटना स्थल पहुंची। फिलहाल पुलिस आपसी रंजिश मान कर चल रही है। पुलिस ने दोनो के शव को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी करने में जुटी है।

प्रमोद कर्णवाल अपनी पत्नी ममता के साथ शास्त्री नगर के सैक्टर छह में रहते थे । वह गाजियाबाद में सरिया फैक्टी में नौकरी करते थे। सुबह उनकेघर से कोई हचचल नहीं हुई तो आसपास पडोस के लोगों ने मकान का दरवाजा खोलने का प्रयास किया। अंदर का मंजर देखकर वह दंग रहे गये। प्रमोद कर्णवाल व उनकी पत्नी ममता का शव खून से लथपथ पडे थे। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। एक साथ डबल मर्डर से पुलिस विभाग में हडकंप मच गया। आनन फानन में सीओ सिविल लाइन अरविन्द चौरसिया फौर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर डॉग स्कावायड व फोरेसिंक टीम को बुलाया गया। दोनो हत्या के कारणों का पता करने में जुटी है। फिलहाल पुलिस इससे आपसी रजिंश मानकर चल रही है।

## 9 साल पहले चुनाव में मिली पहली जीत को पीएम मोदी ने कुछ इस तरह किया याद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 16 मई वही तारीख है जिस तारीख पर आज से 9 साल पहले यानी 16 मई 2014 को हुई मतगणना में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तमाम कयासों को गलत साबित करते हुए भाजपा ने अकेले अपने दम पर 282 सांसदों के साथ लोक सभा में पूर्ण बहुमत हासिल किया था। 2014 के लोक सभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ पहली बार प्रधानमंत्री बनने वाले मोदी ने उसी दिन एक साथ कई रिकॉर्ड भी बनाए थे। आज से 9 साल पहले 16 मई 2014 को हुई मतगणना के नतीजे आने के बाद भाजपा को अपने इतिहास में पहली बार अकेले पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ था। भाजपा के खाते में 282 सीटें आई थी वहीं सहयोगी दलों के साथ मिलाकर एनडीए सांसदों का आंकड़ा 330 को भी पार कर गया था। भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार कांग्रेस को इतनी बुरी पराजय का सामना करना पड़ा और उसके खाते में लोक सभा की सिर्फ 44 सीट ही आ पाई। भारत की जनता ने 30 वर्षों बाद देश पर शासन करने के लिए किसी दल को पूर्ण बहुमत दिया था, इससे तीन दशक पहले 1984 में कांग्रेस के राजीव गांधी प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बने थे।

मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 साल पहले लोक सभा चुनाव में मिली अपनी पहली जीत को अनोखे अंदाज में याद किया। मौका था रोजगार मेले के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी नौकरी पाने वाले देशभर के 70 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का। प्रधानमंत्री ने सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले इन युवाओं को संबोधित करने के साथ–साथ पूरे देश के लोगों खासकर युवाओं को अपनी सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों को बताने का प्रयास किया।

प्रधानमंत्री ने नौ साल पहले मिली जीत को याद करते हुए कहा कि, 9 साल पहले आज के ही दिन 16 मई को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए थे। तब पूरा देश उत्साह, उमंग और विश्वास से झूम उठा था। सबका साथ–सबका विकास के मंत्र के साथ कदम बढ़ाने वाला भारत, आज विकसित भारत बनने के लिए प्रयास कर रहा है। जिस स्पीड और स्केल पर आज भारत काम कर रहा है यह भी आजादी के 75 साल के इतिहास में अभूतपूर्व है।

बेरोजगारी के मसले पर विपक्षी दलों की तरफ से आलोचनाओं का सामना करने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने बिना नाम लिए विरोधी दलों के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि पिछले 9 वर्षों के दौरान उनकी सरकार की हर योजना, हर नीति युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। इन 9 सालों के दौरान सरकार ने सरकारी भर्ती प्रक्रिया को ज्यादा तेज, ज्यादा पारदर्शी और निपष्क्ष बनाकर भ्रष्टाचार और भाई–भतीजावाद को खत्म किया है। देश में स्टार्टअप कल्चर की नई क्रांति आई है, पिछले 9 वर्षों में नेचर ऑफ जॉब भी बहुत तेजी से बदला है और बदलती हुई परिस्थितियों में युवाओं के लिए नए–नए सेक्टर्स में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।प्रधानमंत्री ने सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले इन युवाओं को रोजगार के अवसर, लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं, देश में आधारभूत सरंचनायें, अस्पताल, एयरपोर्ट, कॉलेज, स्किल डेवलपमेंट, गरीबों को दिए पक्के मकान, देश में आ रहे एफडीआई, देश से किए जा रहे निर्यात, पीएलआई, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन और मुद्रा योजना जैसी तमाम योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताते हुए देश के युवाओं को यह संदेश देने का प्रयास किया कि वे विरोधी दलों के बहकावे में न आएं ।

## ओटू झील को किया जाएगा पर्यटन स्थल के रूप में विकसित : खट्टर

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने जन संवाद कार्यक्रम के तीसरे दिन गांव ओटू में लोगों की मांग पर ओटू झील से मिट्टी उठान की दरों में 50 प्रतिशत कम करने की घोषणा की। अब किसान ओटू झील से 500 रुपये ट्राली के हिसाब से मिट्टी उठा सकते है। इसके साथ ही उन्होंने ओटू झील को पर्यटन स्थल बनाने की भी घोषणा की। इसके लिए उन्होंने प्रशासन को रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को रानियां हल्का के गांव ओटू में जनसंवाद किया। इस दौरान उन्होंने जहाँ लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये, वहीं लोगों से सरकार की योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली।



मुख्यमंत्री ने ओटू झील को पर्यटन स्थल बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ओटू सिरसा के नजदीक है, इसलिये इसको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना यहां के लोगो के लिये फायेदेमंद होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस बारे रिपोर्ट तैयार की जाए। रिपोर्ट के आधार पर झील को पर्यटन स्थल बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जन संवाद कार्यक्रम के दौरान एक किसान ने बताया कि ओटू से मिट्टी उठान की दरों में कमी की जाए ताकि किसानों को फ़ायदा मिले। इस पर मुख्यमंत्री ने घोषणा कि की अब ओटू झील से 50 प्रतिशत कम दर से मिट्टी उठा सकते है यानी अब किसान 500 रुपये ट्राली के हिसाब से झील से मिट्टी ले सकते है। पहले यह दर 1000 हजार रुपये ट्रॉली थी। मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि किसान इस मिट्टी का उपयोग खाद के रूप में करें, जिससे किसानों को आर्थिक लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने ओटू में जन संवाद कार्यक्रम में एक युवा की मांग पर गांव जमाल में एक अतिरिक्त कबड्डी नर्सरी बनाने की घोषणा की। इसी प्रकार गांव कागसर में जिम बनाये जाने की मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि युवाओ को नशा से दूर रखने के लिए खेल बहुत जरूरी है और इसके लिये सरकार खेल सुविधाये देने के लिये कटिबद्ध है। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी.उमाशंकर, ओएसडी जवाहर यादव, पूर्व विधायक रामचंदर कंबोज, पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## बंगाल, असम में आयकर छापे, 100 करोड़ रुपये की बेहिसाब नगदी का पता चला

**नई दिल्ली ।** आयकर विभाग ने कहा कि उसने हाल ही में उत्तर बंगाल से संचालित एक कारोबारी समूह की तलाशी ली और जब्ती की कार्रवाई की, जिसमें लगभग 100 करोड़ रुपये की बेहिसाब नगदी प्राप्तियों का पता चला। इस ऑपरेशन में 1.73 करोड़ रुपये की बेहिसाब नगदी और एक करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण भी जब्त किए गए। सूत्रों के मुताबिक, कारोबारी समूह को सक्रिय राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति द्वारा नियंत्रित किया जाता है। एक आयकर अधिकारी ने कहा, उनके करीबी व्यापारिक सहयोगी के परिसरों पर भी तलाशी ली गई। यह समूह विभिन्न प्रकार के व्यवसायों में लगा हुआ है।

## जारी हुआ शाइस्ता के साथ ही साबिर और गुड्डू मुस्लिम का लुकआउट नोटिस

**प्रयागराज, एजेंसी।** उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रही शाइस्ता परवीन समेत साबिर और गुड्डू मुस्लिम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। शाइस्ता पर 50 हजार जबकि साबिर और गुड्डू मुस्लिम पर 5–5 लाख का इनाम घोषित है। कमिश्नरेट पुलिस की रिपोर्ट पर इनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। इस कार्रवाई के बाद अब तीनों के देश छोड़कर जाने पर रोक लग गई है।अतीक की पत्नी शाइस्ता उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार है। उस पर हत्याकांड की साजिश में शामिल होने का आरोप है। इसके अलावा गुड्डू मुस्लिम व साबिर हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटरों में शामिल हैं। पुलिस और एसटीएफ लगातार इनकी तलाश में जुटी है। गुड्डू मुस्लिम की तलाश में उड़ीसा, मप्र, मुंबई आदि राज्यों में दबिश दी जा चुकी है। जबकि साबिर व शाइस्ता की तलाश में पुलिस प्रयागराज समेत प्रदेश के कई जिलों की खाक छान चुकी है। इसके बावजूद अब तक इनका सुराग नहीं मिल सका है। गुड्डू व साबिर पर पांच–पांच लाख जबकि शाइस्ता पर 50 हजार का इनाम भी घोषित है। सूत्रों का कहना है कि इस बात की भी आशंका थी कि पुलिस से बचने के लिए तीनों देश छोड़कर बाहर जा सकते हैं। यही वजह है कि उनके खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी कराया है।

# दिल्ली पर बड़ी जीत दर्ज करके प्लेऑफ की उम्मीद बरकरार रखने उतरेगा पंजाब किंग्स

धर्मशाला, पंजाब किंग्स की टीम बुधवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने की कोशिश करेगी।

दिल्ली की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह इस मैच में सम्मान बनाए रखने और पंजाब किंग्स के समीकरण बिगाडने की कोशिश करेगी। पंजाब के लिए अभी तक का अभियान उतार–चढ़ाव वाला रहा है। उसने अब तक छह मैच जीते हैं लेकिन उसे इतने ही मैचों में हार का सामना भी करना पड़ा है। उसकी टीम 12 अंक लेकर आठवें स्थान पर है लेकिन अब भी वह प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में शामिल है। उसे हालांकि अपने नेट रन रेट में सुधार करना होगा जो कि अभी माइनस 0.268 है।

पिछले सप्ताह दिल्ली के खिलाफ 31 रन की जीत से पंजाब का मनोबल बढ़ा होगा और शिखर धवन की अगुवाई वाली टीम इस बार भी अनुकूल परिणाम हासिल करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

पंजाब को हालांकि अपनी बल्लेबाजी में काफी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली के खिलाफ सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के अलावा का कोई भी बल्लेबाज नहीं चल पाया था। धवन और कुछ हद तक प्रभसिमरन को छोडक़र उसके बाकी बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।



पंजाब के गेंदबाजों को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। उसके पास नाथन एलिस, सैम कुरेन और अर्शदीप सिंह के रूप में अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है लेकिन वे अक्सर अपने स्कोर का बचाव करने में नाकाम रहे हैं।

दूसरी तरफ दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह सत्र बुरे सपने की तरह रहा है और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है।

दिल्ली को इस पूरे सत्र में उसके बल्लेबाजों ने निराश किया। दिल्ली की टीम में शामिल भारतीय बल्लेबाजों में से केवल अक्षर पटेल ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं।

पृथ्वी साव और सरफराज खान की असफलता दिल्ली को भारी पड़ी है। ऐसे में टीम को शीर्ष क्रम में अपने विदेशी बल्लेबाजों को उतारना पड़ा। कप्तान डेविड वॉर्नर, विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट और ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने बल्लेबाजी में कुछ हद तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन जब यह तीनों जल्दी आउट हो जाते हैं तो दिल्ली की पारी लडख़ड़ाने लगती है। पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में दिल्ली की टीम जीत की तरफ बढ़ रही थी लेकिन उसने अपने अंतिम आठ विकेट 67 रन के अंदर गंवा दिए।

दिल्ली की टीम में शामिल भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया है। दिल्ली की चार में से तीन जीत में गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई थी। अनुभवी इशांत शर्मा अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं जबकि खलील अहमद भी उनका अच्छा साथ दे रहे हैं। स्पिनर कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने भी किफायती गेंदबाजी की है।

टीम इस प्रकार हैं:

पंजाब किंग्सः शिखर धवन (कप्तान), शाहरुख खान, मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, भानुका राजपक्षे, जितेश शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, नाथन एलिस, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, हरप्रीत बराड़, सैम कुरेन, सिकंदर रजा, हरप्रीत भाटिया, विद्वाथ कावेरप्पा, मोहित राठी, शिवम सिंह।

दिल्ली कैपिटल्सः डेविड वार्नर ( कप्तान), पृथ्वी साव, मिशेल मार्श, सरफराज खान, अमन हाकिम खान, अभिषेक पोरेल ( विकेटकीपर बल्लेबाज), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी, यश ढुल।मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

## शानदार पारी खेलते–खेलते क्रुणाल पांड्या को हुआ क्या?



नई दिल्ली, आईपीएल 2023 के 63वें मैच में लखनऊसुपर जायंट्स की भिड़ंत मुंबई इंडियंस के साथ हो रही है। टॉस गंवाने के बाद पहले बैटिंग करने उतरी लखनऊकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज सस्ते में पवेलियन लौटे। इसके बाद कप्तान क्रुणाल पांड्या ने बखूबी अंदाज में लखनऊकी पारी को संभाला और स्टोइनिस के साथ मिलकर अहम साझेदारी निभाई। हालांकि, क्रुणाल बिना आउट हुए ही 49 रन बनाने के बाद मैदान से बाहर चले गए।

**बिना आउट हुए क्यों पवेलियन लौटे क्रुणाल?**

दरअसल, क्रुणाल पांड्या को इंजरी के चलते नाबाद 49 रन बनाने के बाद ड्रेसिंग रूम लौटना पड़ा। 16 ओवर खत्म होने के बाद क्रुणाल लगड़ाते हुए नजर आए और उनको ना चाहते हुए भी मैदान से रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर जाना पड़ा। क्रुणाल ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों 49 रन कूटे। क्रुणाल ने अपनी कप्तानी पारी के दौरान एक चौका और एक छक्का लगाया।

**स्टोइनिस के साथ जमाई शानदार साझेदारी**

लखनऊसुपर जायंट्स की टीम महज 35 रन के स्कोर पर तीन विकेट खोकर मुश्किल में नजर आ रही थी। इसके बाद कप्तान क्रुणाल ने मार्कस स्टोइनिस के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए अहम साझेदारी निभाई और लखनऊ की पारी को बखूबी अंदाज में संभाला। स्टोइनिस ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली।

## मनीष कुमार ने की शानदार गेंदबाजी, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने जीता खिताब



लखनऊ , डाक्टर यशपाल सिंह मेमोरियल क्रिकेट लीग के फाइनल में सीएसडी सहारा क्रिकेट एकेडमी को हराकर इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने खिताब पर कब्जा जमा लिया। मनीष कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके।

सीएसडी सहारा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में छह विकेट गवांकर 230 रन बनाये। अंकित यादव ने सर्वाधिक 90 रन बनाया। वहीं करण शुक्ला ने 80 रन का योगदान दिया। सलामी बल्लेबाज अर्जित वर्मा सात रन पर ही आउट हो गये। वहीं इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने छह विकेट गवांकर 234 रन बना लिये और चार विकेट से मैच को जीत लिया। चंदन जायसवाल ने सर्वाधिक 71 रन का योगदान दिया। वहीं मनीष ने शानदार गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी करते हुए भी 27 रन बनाये। सुधीर सिंह ने 50 रन का योगदान दिया।

## शाकिब अल हसन अंगुली में लगी चोट के कारण छह सप्ताह के लिए हुए क्रिकेट से दूर



ढाका, बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब अल हसन अंगुली में लगी चोट के कारण करीब छह हफ्ते के लिए क्रिकेट से दूर हो गए हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को उक्त जानकारी दी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा कि इंग्लैंड के चेम्सफोर्ड में आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार को दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान शाकिब को कैच लेने के प्रयास में दाहिनी तर्जनी की नोक पर चोट लग गई। राष्ट्रीय टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने कहा, शनिवार को एक्स–रे के जरिए अंगुली में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। इस तरह की चोटों को ठीक होने में आमतौर पर छह सप्ताह लगते हैं।

## आईएसएसएफ विश्वकपः महिलाओं की 3पी स्पर्धा में मानिनी छठें स्थान पर

बाकू, अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) राइफल/पिस्टल विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) स्पर्धा में भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक छठे स्थान पर रहीं।अपने पहले सीनियर वर्ल्ड कप स्टेज करियर फाइनल में पहुंचीं मानिनी ने फाइनल में 415.6 का स्कोर किया। ब्रिटेन की सियोनैड मैकिंटोश ने 467.0 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।महिलाओं के 3पी में अन्य भारतीयों में अंजुम मोदगिल 573 के क्वालीफिकेशन राउंड स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहीं, जबकि सिफ्ट कौर समरा ने 571 के स्कोर के साथ 21वां स्थान हासिल किया। श्रियंका

भारतीय निशानेबाज पुरुषों के आरएफपी में फाइनल क्वालीफाइंग मार्क भी हासिल नहीं कर सके।



विजयवीर सिद्धू 580 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रहे, वहीं, अनीश 579 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहे।अंकुर गोयल ने 566 का स्कोर किया और 36वें स्थान पर रहे। आदर्श सिंह ने रैंकिंग अंकों के लिए 578 अंक हासिल किए, जबकि अर्पित गोयल ने भी रैंकिंग अंकों के लिए निशानेबाजी करते हुए 564 अंक हासिल किए।टूर्नामेंट में चीन चार स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा, जबकि भारत एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

# फिल्मी सफर

## एनिमल के पोस्टर में कुल्हाड़ी लिए क्यों दिखे थे रणबीर कपूर? सामने आई नई जानकारी



रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल लंबे समय से चर्चा में है। फिल्म की रिलीज करीब आने के साथ दर्शकों की इसको लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। फिल्म को लेकर तरह–तरह की खबरें आ चुकी हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा चुका है कि इस फिल्म में रणबीर का बिल्कुल अलग अंदाज देखने को मिलेगा। अब फिल्म से जुड़े एक दिलचस्प दृश्य की बातें सामने आई हैं। नई खबर के अनुसार, एनिमल में रणबीर का किरदार उनके करियर का सबसे खास किरदार हो सकता है। इसमें उनका नया स्वैग देखने को मिलेगा। फिल्म के एक दृश्य में रणबीर दिल्ली की सडक़ों पर कोट और लंबे बालों में चलते हुए नजर आएंगे। उनके साथ कुछ और गुंडे भी हैं। उन सभी का डेथ वारंट आने वाला है। बिना बैकग्राउंड म्यूजिक के भी यह दृश्य रोमांचक लगता है, क्योंकि निर्देशक ने इसे बेहतरीन तरीके से फिल्माया है।

इस दृश्य में रणबीर काफी हिंसक होंगे। वह कुल्हाड़ी से लड़ते हुए नजर आएंगे। सूत्रों ने पोर्टल को बताया कि यह एक अलग स्तर का दृश्य है। इसे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने मल्टीपल कैमरा के साथ शूट किया है। साथ ही इसमें ज्यादा कट नहीं हैं। हाथ में कुल्हाड़ी लिए और सिगरेट पीते हुए रणबीर का लुक पहले ही सामने आ चुका है। सूत्रों के अनुसार, फिल्म में रणबीर 3 अलग लुक में नजर आएंगे।

फिल्म में रणबीर के अलावा अनिल कपूर और बॉबी देओल भी नजर आएंगे। इसमें अनिल कपूर, रणबीर के किरदार के पिता की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं बॉबी देओल पर्दे पर विलेन बनेंगे। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। फीमेल लीड के लिए पहले परिणीति चोपड़ा को साइन किया गया था, लेकिन अमर सिंह चमकीला की बोयपिक के लिए उन्होंने इसे छोड़ दिया। इसके बाद फिल्म में रश्मिका की एंट्री हुई। इससे पहले प्रोड्यूसर भूषण बता चुके हैं कि फिल्म एक परिवार के उतार–चढ़ाव की कहानी है। यह फिल्म एक बाप–बेटे के रिश्ते पर आधारित है। इस तरह का रिश्ता पहले कभी स्क्रीन पर नहीं देखा गया।

## मैं हमेशा से एक फिल्म अभिनेत्री बनना चाहती थी : कावेरी प्रियम

छोटे पर्दे की मशहूर एक्ट्रेस कावेरी प्रियम ने बताया कि कैसे वह शुरूआती दिनों में एक फिल्म एक्ट्रेस बनना चाहती थीं लेकिन उन्हें टीवी पर अच्छे अवसर मिलते रहे। कावेरी ने कहा, जब मैंने शुरूआत की तो मैं हमेशा एक फिल्म एक्टर बनना चाहती थी। लेकिन, होनी को कुछ और मंजूर था। जब मैं ऑडिशन दे रही थी, तब मेरा मकसद सिर्फ काम करना था, बस काम करो, और तभी टीवी ने मेरा बाहें फैलाकर स्वागत किया। मैं एक टेलीविजन एक्टर नहीं हूं, मैं एक ऐसी एक्टर हूं जो सभी माध्यमों में काम कर सकती हूं। कावेरी को 'ये रिश्ते हैं प्यार के', 'जिद्दी दिल माने ना', 'दिल दियां गल्लां' जैसे शोज के लिए जाना जाता है।उन्होंने उस भूमिका के बारे में साझा किया जो वह पर्दे पर निभाने की इच्छा रखती हैं।

एक्ट्रेस ने कहा, ऐसे कई किरदार हैं, जिन्हें मैं निभाना चाहती हूं। मैं स्क्रीन पर कुछ एक्शन सीन्स करना पसंद करूंगी या एक स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना पसंद करूंगी।

## सारा और विक्की कौशल की फिल्म जरा हटके जरा बचके की रिलीज डेट जारी

सारा अली खान ने अपने करियर में अक्षय कुमार से लेकर रणवीर सिंह और कार्तिक आर्यन जैसे कई अभिनेताओं के साथ काम किया है, लेकिन उन्हें कभी विक्की कौशल के साथ नहीं देखा गया। अब जल्द ही वह फिल्म जरा हटके जरा बचके में विक्की संग इश्क फरमाती दिखेंगी। कुछ ही समय पहले फिल्म के नाम का ऐलान हुआ था, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई थी। अब फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। सारा और विक्की ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर प्रशंसकों के साथ साझा किया है। इसमें विक्की के साथ उनका रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है। सारा ने टीजर साझा कर लिखा, रोमांस या नौटंकी! क्या लगता है आपको? कैसी होने वाली है हमारी कहानी? जरा हटके जरा बचके का ट्रेलर 15 मई को रिलीज हो रहा है। इसी के साथ सारा ने बताया कि उनकी यह फिल्म 2 जून, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में सारा–विक्की की झलकियां देख प्रशंसक इसके ट्रेलर और रिलीज को लेकर उतावले हो गए हैं। एक ने लिखा, अब रिलीज को लेकर बेसब्री बढ़ गई है। एक ने लिखा,



टीजर देख ऐसा लग रहा है कि इस फिल्म के गाने बहुत खूबसूरत होने वाले हैं। एक दूसरे फैन ने लिखा, अब और इंतजार नहीं होगा। एक ने लिखा, आपको बता नहीं सकते कि फिल्म के लिए हम कितने उत्साहित हैं। लोग टीजर पर खूब प्यार बरसा रहे हैं।

फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और निर्माता दिनेश विजान हैं। यह रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है और इसमें एक ऐसे जोड़े की कहानी दिखाई जाएगी, जो अपने तरीके से एक घर लेने की फिराक में है। इसके लिए वह केंद्र सरकार की एक योजना का लाभ उठाना चाहता है। फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर सारा ने लिखा था, विश्वास नहीं होता कि यह सफर खत्म हो गया है। थैंक्यू लक्ष्मण उतेकर सर, मुझे सौम्या का किरदार देने के लिए।

## सचिन पिलगांवकर का शो तू–तू, मैं–मैं की जल्द होगी वापसी, सुप्रिया निभाएंगी सास का किरदार

90 के दशक के मशहूर टीवी शो तू तू मैं मैं में दिखी सास और बहू के बीच की खट्टी–मिी नोंकझोक को लोगों ने काफी पसंद किया था। 1994 में शुरू हुआ यह शो 6 साल तक चला था। 2006 में कड़वी खट्टी मीठी नाम से इसका सीक्वल भी आया और अब निर्देशक सचिन पिलगांवकर ने तीसरे सीजन का ऐलान किया है। हालांकि, इस बार दिवंगत अभिनेत्री रीमा लागू की जगह सास के किरदार में सुप्रिया पिलगांवकर नजर आएंगी।

सचिन ने तू तू मैं मैं के नए सीजन के साथ वापसी का फैसला लिया है, लेकिन इस बार बहू बनकर लोगों का दिल जीतने वाली सुप्रिया रीमा सास की भूमिका में नजर आएंगी।

उन्होंने कहा, हम शो को वापस लाने की



योजना बना रहे हैं। हम पहले से ही इस पर काम कर रहे हैं, लेकिन इस बार कहानी में ट्विस्ट है और सुप्रिया सास के किरदार में नजर आएंगी।

मां के किरदार निभाकर पर्दे पर छाने वाली रीमा ने 2017 में इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। अभिनेत्री को 59 साल की आयु में दिल का दौरा पड़ा था। उस दौरान अभिनेत्री महेश भट्ट के टीवी शो नामकरण में काम कर रही थीं।

अभिनेता और निर्देशक सचिन का मानना है कि तू तू मैं मैं आज भी दर्शकों के जेहन में है। वह कहते हैं, जब यह शो आया था तब आज की यह पीढ़ी जरूर स्कूल में रही होगी और इसे देखते हुए बड़ी हुई होगी। यह किसी डेली सोप की तरह नहीं था और हर हफ्ते इसका नया एपिसोड आता था। उन्होंने कहा, मैं नए सीजन को टीवी पर नहीं लाना चाहता। मैं इसके लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म को ही प्राथमिकता दूंगा।

## अक्षय कुमार ने वीडियो सॉन्ग क्या लोगे तुम का शेयर किया पोस्टर

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार फिल्मों के अलावा कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुके हैं. फिलहाल और फिलहाल 2 जैसे गानों को उनके फैंस ने बहुत पसंद किया. अब अक्षय कुमार ने अपने लेटेस्ट म्यूजिक वीडियो की जानकारी फैंस के साथ शेयर की है. उन्होंने सोशल मीडिया पर नए सॉन्ग का पोस्टर शेयर किया है, जिसे जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है.

अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने अपकमिंग वीडियो सॉन्ग क्या लोगे तुम का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उनके साथ अमायरा दस्तूर नजर आ रही हैं. पोस्टर में देखा जा सकता है कि अक्षय कुमार ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहे हैं. वह गुस्से से अमायरा दस्तूर की तरफ देख रहे हैं. वहीं, एक्ट्रेस रोते हुए दिख रही हैं.

इस पोस्टर को शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने कैप्शन में बताया कि ये एक हार्ट ब्रेकिंग सॉन्ग है, जो 15 मई, 2023 को शाम 6 बजे रिलीज होगा. इस गाने को मशहूर सिंगर बी प्राक ने अपनी आवाज दी है और इसे सॉन्ग राइटर जानी ने लिखा है. इससे पहले जानी और बी प्राक के साथ अक्षय कुमार फिलहाल और फिलहाल 2 जैसे गानों में काम कर चुके हैं. अक्षय कुमार के फैंस बेसब्री से उनके इस गाने की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं.

वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार पिछली बार फिल्म सेल्फी में दिखे थे, जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी. अब एक्टर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आएंगे जो अगले साल 2024 में ईद के मौके पर रिलीज होगी. ये एक एक्शन फिल्म है जिसका टाइगर श्रॉफ भी हिस्सा हैं.


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79


फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com